UPHIN/2011/39718
पृष्ठ-8 मूल्य-02 रूपये
बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-134 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) रविवार 26 अप्रैल 2026 | youngbharatE-paper.com

# 37 हजार करोड़, 594 किमी. और 'मल्टी-पैकेज' मॉडल

## गंगा एक्सप्रेसवे के साथ भारत के 'एक्सप्रेस प्रदेश' में जुड़ा नया अध्याय



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के बुनियादी ढांचे के इतिहास में 29 अप्रैल की तारीख स्वर्णाक्षरों में दर्ज होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे में से एक, गंगा एक्सप्रेसवे (594 किमी) को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

योगी सरकार के विजन और यूपीडा (UPEIDA) की मेहनत का नतीजा यह मेगा प्रोजेक्ट न केवल यूपी की कनेक्टिविटी बदलेगा, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन बनाने की दिशा में सबसे बड़ा कदम साबित होगा। 37,000 करोड़ की भारी-भरकम लागत से तैयार यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क का 'क्राउन ज्वेल' माना जा रहा है।



### मल्टी-पैकेज मॉडल: रफ्तार का असली राज

इतने विशालकाय प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने के पीछे योगी सरकार का 'मल्टी-पैकेज' मॉडल सबसे बड़ी ताकत बना। रणनीतिक तौर पर पूरे प्रोजेक्ट को चार प्रमुख पैकेज (ग्रुप) में बांटा गया, जिससे अलग-अलग निर्माण एजेंसियों ने समानांतर रूप से काम किया।

पैकेज 1: 129.70 किमी लंबाई, 9,000 करोड़ से अधिक की लागत।

पैकेज 2: 151.70 किमी लंबाई, लगभग 9,000 करोड़ का निवेश।

पैकेज 3: 155.70 किमी लंबाई, लगभग 9,000 करोड़ का बजट।

पैकेज 4: 156.84 किमी लंबाई, लगभग 9,500 करोड़ की लागत।

### रणनीतिक प्लानिंग और यूपीडा की सख्त निगरानी

परियोजना की सफलता का श्रेय यूपीडा की सख्त मॉनिटरिंग और तकनीकी समन्वय को जाता है। एकल एजेंसी के बजाय कार्य को विभाजित करने से न केवल कई मोर्चों पर एक साथ काम शुरू हुआ, बल्कि हर चरण पर जवाबदेही भी सुनिश्चित की गई। डिजाइन से लेकर गुणवत्ता नियंत्रण तक, हर स्तर पर ग्राउंड-लेवल मॉनिटरिंग के कारण ही यह विशाल प्रोजेक्ट निर्धारित समयसीमा के भीतर धरातल पर उतर सका है।

### आर्थिक कॉरिडोर: निवेश और रोजगार का गेटवे

गंगा एक्सप्रेसवे केवल यात्रा के समय को ही कम नहीं करेगा, बल्कि इसे एक विशिष्ट आर्थिक कॉरिडोर के रूप में विकसित किया गया है। इसके किनारे बनने वाले इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स क्लस्टर उत्तर प्रदेश को देश का नया औद्योगिक हब बनाएंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को पूर्वी हिस्सों से जोड़ने वाला यह मार्ग लॉजिस्टिक्स लागत को घटाएगा और उद्योगों के लिए निवेश के नए द्वार खोलेगा। यह उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स शक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

# क्या आप तो नहीं खा रहे इन कंपनियों के सरसों का तेल? यूपी सरकार ने 14 पर लगाया बैन

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** प्रदेश में आपकी रसोई तक पहुंचने वाले खाद्य तेलों और वसा में सेहत से खिलवाड़ का मामला सामने आया है. खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग द्वारा चलाए गए एक विशेष प्रवर्तन अभियान में यह खुलासा हुआ है कि नामचीन ब्रांड्स के तेलों में खतरनाक लेड तत्व की मात्रा मानक से कहीं अधिक है. कमिश्नर डा. रोशन जैकब के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई ने राज्य भर की खाद्य इकाइयों और तेल उत्पादकों के बीच भारी हड़कंप मचा दिया है. खाद्य सुरक्षा विभाग ने इस मिलावटखोरी को पकड़ने के लिए प्रदेश भर में 58 विशेष टीमें गठित की थीं. इन सचल दलों ने विभिन्न जिलों से कुल 210 नमूने एकत्र किए, जिनमें से 206 नमूने सीधे तौर पर तेल और वसा के थे. अत्याधुनिक मशीनों से हुई लैब जांच में यह कड़वा सच सामने आया कि कई नमूने पूरी तरह से असुरक्षित और अधोमानक हैं. विश्लेषण में स्पष्ट रूप से पाया गया कि ये उत्पाद गुणवत्ता के मानकों पर विफल रहे हैं और मानवीय उपभोग के योग्य नहीं हैं.

**जहरीला लेड और मिश्रण का अवैध खेल**

जांच में सबसे चौंकाने वाली बात तेलों में लेड यानी सीसे की भारी मात्रा मिलना है, जो मानव शरीर के अंगों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है. इतना ही नहीं, कई फर्में एक से अधिक सस्ते तेलों को अनाधिकृत रूप से मिलाकर शुद्ध तेल के नाम पर बेच रही थीं. फोर्टिफाइड तेलों के नाम पर विटामिन की निर्धारित मात्रा से कम मिलाकर उपभोक्ताओं के साथ बड़ा विश्वासघात किया जा रहा था. इस सुनियोजित फर्जीवाड़े ने खाद्य सुरक्षा मानकों की पूरी तरह से धज्जियां उड़ा दी हैं.

**14 बड़ी कंपनियों के उत्पादों पर गाज**

गंभीर कमियां मिलने के बाद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए 14 बड़ी फर्मों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की है. इन कंपनियों के तेलों के निर्माण, भंडारण, वितरण और बिक्री पर राज्य की सीमा के भीतर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है. इन फर्मों में लखनऊ की हिंद वेज और संकट मोचन, कानपुर की भीम श्री, एनआर उद्योग और कटारिया एडिबल्स, कानपुर देहात की वैभव एडिबल्स, आगरा की एनएम ऑयल, मेरठ की जीएस एग्रो, जेपी एग्रो और राजेन्द्र कुमार, साथ ही हापुड़ और गोरखपुर की इकाइयां शामिल हैं.

**सप्लाई चेन और साजिशकर्ताओं की तलाश**

विभाग अब इस बात की गहराई से पड़ताल कर रहा है कि यह मिलावट का खेल कितने समय से चल रहा था. अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि केवल निर्माण इकाइयों पर ही नहीं, बल्कि उनकी पूरी सप्लाई चेन की पड़ताल की जाएगी. यह भी देखा जाएगा कि ये असुरक्षित उत्पाद किन-किन खुदरा बाजारों और जिलों में भेजे जा चुके हैं. दोषियों के खिलाफ एडीएम कोर्ट में वाद दायर करने की कानूनी प्रक्रिया भी विभाग ने तेज कर दी है ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो.

**उपभोक्ताओं की सेहत से नहीं होगा समझौता**

एफएसडीए ने स्पष्ट किया है कि मिलावटखोरी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी. विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे पैकेज्ड तेल खरीदते समय लेबल और शुद्धता की जांच अवश्य करें. विशेषज्ञों के अनुसार, दूषित तेल का सेवन न केवल तात्कालिक बीमारियां पैदा करता है, बल्कि लेड जैसे जहरीले तत्व भविष्य में कैंसर और किडनी की बीमारियों का कारण बन सकते हैं. प्रशासन की इस सक्रियता ने मिलावटखोरों के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है.

## सुर्खियां............

### लखनऊः 30 अप्रैल को यूपी विधानसभा सत्र को लेकर कार्यक्रम जारी

( यंग भारत न्यूज )

महिला सशक्तिकरण और अधिकारों को लेकर होगी चर्चा
महिला सुरक्षा, अधिकार, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक भागीदारी पर होगी चर्चा
यूपी विधानसभा सदन में पेश होंगे कई महत्वपूर्ण अध्यादेश
30 अप्रैल को सदन में अध्यादेश अधिसूचनाएं और नियम रखे जाएंगे
पुनर्स्थापित किए जाने वाले विधेयक भी सदन में पेश होंगे
यूपी लोक सेवा अधिकरण संशोधन अध्यादेश 2026 होगा पेश
यूपी राजस्व संहिता संशोधन अध्यादेश 2026 होगा पेश
उत्तर प्रदेश वानिकी और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अध्यादेश 2026 होगा पेश
उत्तर प्रदेश दंड विधि अपराधों का समन और विचारण अध्यादेश 2026 होगा पेश
उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय संशोधन अध्यादेश 2026 होगा पेश।

# आंकड़े बोलते हैंः बंगाल की डेमोग्राफी बता रही, पहले चरण की बंपर वोटिंग से किसे होगा फायदा- बीजेपी या टीएमसी?

( यंग भारत न्यूज )

बंगाल के पहले चरण में 152 सीटों पर बंपर वोटिंग हुई है। चुनाव आयोग के आंकडों के मुताबिक पहले चरण में 92.88 फीसदी वोटिंग हुई। आजादी के बाद से अब तक पश्चिम बंगाल में यह सर्वाधिक मतदान है।

इस भारी मतदान के बाद दोनों बीजेपी और टीएमसी अपनी-अपनी जीत के दावे कर रही हैं। जनसत्ता अपनी स्पेशल सीरीज 'आंकड़े बोलते हैं' के जरिए समझने का प्रयास कर रहा है कि पश्चिम बंगाल में हुई इस बढ़ी ही वोटिंग का किसे फायदा पहुंच सकता है। मुस्लिम और हिंदू बाहुल सीटों के वोटिंग पैटर्न का विश्लेषण किया गया है। सबसे पहले जानते" कि बंगाल चुनाव के पहले चरण में किस सीट पर कितना मतदान हुआ है। नीचे दी गई टेबल का रुख करते हैं-




| विधानसभा सीट | वोटिंग % |
|---|---|
| अलीपुरद्वार | 94.05 |
| आसनसोल उत्तर | 88.29 |
| आसनसोल दक्षिण | 89.73 |
| इंग्लिश बाजार | 92.12 |
| इंडस | 94.03 |
| इगरा | 91.54 |
| इस्लामपुर | 91.37 |
| ईटाहार | 95.9 |
| ओंडा | 93.05 |
| कंडी | 84.95 |
| कतुलपुर | 93.73 |
| करनडीघी | 94.61 |
| कांथी उत्तर | 91.26 |
| कांथी दक्षिण | 88.3 |
| कालचीनी | 89.83 |
| कालिम्पोंग | 83.07 |
| कालियागंज | 95.43 |
| काशीपुर | 88.41 |
| कुमारगंज | 95.87 |
| कुमारग्राम | 94.23 |
| कुल्टी | 89.92 |
| कुशमुंडी | 96.49 |
| कूचबिहार दक्षिण | 94.76 |
| कूचबिहार उत्तर | 95.45 |
| केशपुर | 94.34 |
| केशियारी | 93.19 |
| खड़गपुर | 95.02 |
| खड़गपुर सदर | 88.71 |
| खरसाई | 82.36 |
| खारग्राम | 88.37 |
| खेजूरी | 90.93 |
| गंगारामपुर | 95.47 |
| गजोल | 95.15 |
| गरबेटा | 94.77 |
| गोपीबल्लवपुर | 92.75 |
| गोलपोखर | 91.67 |
| घाटल | 86.86 |
| चंचल | 95.46 |
| चकुलिया | 91.83 |
| चंद्रकोण | 93.15 |
| चांदीपुर | 89.58 |
| चोपड़ा | 96.02 |
| छतना | 90.33 |
| जंगीपुर | 95.72 |
| जमुरिया | 91.79 |
| जलपाईगुड़ी | 93.45 |
| जालांगी | 95.96 |
| जॉयपुर | 91.3 |
| झाड़ग्राम | 92.62 |
| डबग्राम-फूलबाड़ी | 94.21 |
| तपन | 95.1 |
| तामलुक | 92.29 |
| तालदनगरा | 90.56 |
| तूफानगंज | 95.39 |
| दान्टन | 91.88 |
| दार्जिलिंग | 82.16 |
| दासपुर | 84.6 |
| दिनहाटा | 95.7 |
| दुर्गापुर पश्चिम | 90.27 |
| दुर्गापुर पूर्व | 90.06 |
| दूबराजपुर | 94.58 |
| देबरा | 92.94 |
| दोमकल | 96.43 |
| धूपगुड़ी | 95.53 |
| नंदकुमार | 92.67 |
| नागरकाटा | 92.3 |
| नंदीग्राम | 92.24 |
| नबाग्राम | 90.74 |
| नयाग्राम | 90.65 |
| नलहाटी | 95.63 |
| नवादा | 93.66 |
| नाटाबारी | 95.82 |
| नानुर | 93.46 |
| नारायणगढ़ | 93.7 |
| पंसकुरा पश्चिम | 91.88 |
| पंसकुरा पूर्व | 90.26 |
| पांडवेश्वर | 92.13 |
| पाड़ा | 91.01 |
| पिंगला | 94.27 |
| पुरुलिया | 90.06 |
| पोटाशपुर | 92.89 |
| फन्सिदेव | 95.08 |
| फरक्का | 96.05 |
| फलकाटा | 95.32 |
| बंकुरा | 90.32 |
| बन्दवान | 91.78 |
| बरजोरा | 92.23 |
| बर्वान | 87.8 |
| बलरामपुर | 92.6 |
| बहारामपुर | 91.72 |
| बागमुंडी | 91.07 |
| बाराबनी | 91.05 |
| बालूरघाट | 93.3 |
| बिनपुर | 93.02 |
| बिष्णुपुर | 93.43 |
| बेलडांगा | 93.05 |
| वैश्वणनगर | 95.3 |
| बोलपुर | 93.82 |
| भगवानपुर | 92.96 |
| भगवानगोला | 96.95 |
| भरतपुर | 88.98 |
| मदारिहाट | 88.96 |
| मनबाजार | 90.15 |
| मयुरेश्वर | 93.84 |
| महिषादल | 89.86 |
| माटीगाड़ा-नक्सलबाड़ी | 92.69 |
| माथाभांगा | 95.96 |
| मानिकचक | 94.82 |
| माल | 94.17 |
| मालतीपुर | 94.73 |
| मालदा | 94.62 |
| मुराराई | 96.08 |
| मुर्शिदाबाद | 95.31 |
| मेखलीगंज | 96.87 |
| मेदिनीपुर | 92.57 |
| मैनागुड़ी | 96.4 |
| मोथाबारी | 95.05 |
| मोयना | 90.62 |
| रघुनाथगंज | 96.9 |
| रघुनाथपुर | 91.92 |
| रतुआ | 93.94 |
| राजगंज | 96.21 |
| रानीगंज | 90.42 |
| रानीनगर | 96.81 |
| रानीबुंध | 91.16 |
| रामनगर | 89.45 |
| रामपुरहाट | 94.5 |
| रायगंज | 92.96 |
| रायपुर | 90.74 |
| रेजीनगर | 92.17 |
| लाभपुर | 94.29 |
| लालगोला | 96.45 |
| समसेरगंज | 96.11 |
| सलबाणी | 94.77 |
| सागरदिघी | 95.35 |
| साबंग | 92.92 |
| सालतोरा | 93 |
| सिताई | 96.54 |
| सिलीगुड़ी | 90.63 |
| सीतलकुची | 97.53 |
| सुजापुर | 94.32 |
| सुती | 96.07 |
| सूरी | 93.63 |
| सैंथिया | 95.01 |
| सोनामुखी | 93.3 |
| हबीबपुर | 93.96 |
| हरिश्चंद्रपुर | 94.3 |
| हरीहरपाड़ा | 95.58 |
| हरीरामपुर | 96 |
| हल्दिया | 92.06 |
| हांसन | 94.92 |
| हेमताबाद | 96.4 |

सोर्स: चुनाव आयोग और 2011 जनगणना

आंकड़े बोलते हैं - विशेष श्रृंखलापश्चिम बंगाल: रिकॉर्ड मतदान का विश्लेषणपहला चरण - 152 सीटें - 92.88% मतदान - आजादी के बाद सर्वाधिक 92.88%कुल मतदान152विधानसभा सीटें97.53%सर्वाधिक - सीतलकुची सम्पूर्ण डेटाहिंदू बाहुल सीटेंमुस्लिम बाहुल सीटेंमतदान ट्रेंड पहला चरण - सम्पूर्ण सीट डेटा152 सीटों पर मतदान का पूरा विवरणचुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार पहले चरण में सभी 152 सीटों पर 80 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। नीचे सभी सीटों का वोटिंग प्रतिशत देखें।

# शासन पारदर्शिता के चाहे जितने दावे करे मगर यहां वर्षों तक नहीं मिल रही आरटीआई का जबाव

## डीएम प्रतिमाह करते हैं समीक्षा बैठक, इसके बावजूद भी आवेदकों को सालों नही मिलती वांछित जानकारी

### शासन द्वारा घोषित पारदर्शिता पर जिले में धूर्त अधिकारी पारदर्शिता पर डालें हैं पर्दा, वरना हो जाएगा अधिकारियों के काले कारनामों का पर्दा फाश

( यंग भारत न्यूज )

( प्रधान सम्पादक की कलम से )

**उरई/जालौन।** जनपद जालौन में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (आरटीआई) की धज्जियां उड़ती नजर आ रही हैं। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए इस महत्वपूर्ण कानून का पालन कई विभागों में नहीं किया जा रहा है। हालात यह हैं कि दर्जनों आवेदक महीनों नहीं बल्कि एक से दो वर्षों से अपनी मांगी गई सूचनाओं के लिए भटक रहे हैं, लेकिन संबंधित विभागों के जन सूचना अधिकारी उन्हें जानकारी देने के बजाय टालमटोल का रवैया अपनाए हुए हैं।

मामला जनपद के कई प्रमुख विभागों से जुड़ा है, जिनमें लघु सिंचाई खंड जालौन, बेतवा नहर प्रखंड प्रथम व द्वितीय, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के विभिन्न खंड, वन विभाग, जल निगम तथा कृषि विभाग शामिल हैं। आरोप है कि इन विभागों के जन सूचना अधिकारी—अवनीश कुमार (लघु सिंचाई), धर्म घोष (बेतवा नहर प्रखंड प्रथम), चंद्रपाल सिंह (बेतवा नहर प्रखंड द्वितीय), महेंद्र कुमार व सुनील सक्सेना (लोक निर्माण विभाग), प्रदीप कुमार (वन विभाग), आंचल गुप्ता (जल निगम) सहित अन्य अधिकारी—आरटीआई के तहत मांगी गई सूचनाओं को उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। सूचना का अधिकार अधिनियम के अनुसार, किसी भी नागरिक को 30 दिनों के भीतर मांगी गई सूचना उपलब्ध कराना अनिवार्य है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो यह कानून का स्पष्ट उल्लंघन माना जाता है और संबंधित अधिकारी पर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। इसके बावजूद जालौन में यह कानून केवल कागजों तक सीमित होकर रह गया है। कई आवेदकों का कहना है कि उन्होंने नियमानुसार आवेदन किया, फीस जमा की, यहां तक कि प्रथम अपील भी दायर की, लेकिन उन्हें अब तक संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आवेदकों ने आरोप लगाया है कि जिन सूचनाओं की मांग की जा रही है, वे विभागों में चल रहे कार्यों, निर्माण योजनाओं और वित्तीय लेन-देन से जुड़ी हैं। इन सूचनाओं के सार्वजनिक होने से विभागीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का खुलासा हो सकता है। यही कारण है कि संबंधित अधिकारी जानबूझकर सूचना देने से बच रहे हैं। यह न केवल आरटीआई कानून का उल्लंघन है, बल्कि शासन की पारदर्शिता की मंशा के भी विपरीत है। कई पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने एक वर्ष से अधिक समय पहले आवेदन किया था, जबकि कुछ मामलों में दो साल बीत चुके हैं, लेकिन अब तक सूचना नहीं दी गई। इससे परेशान होकर अब आवेदक शासन स्तर पर द्वितीय अपील और शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। कुछ मामलों में सूचना आयोग तक भी जाने की तैयारी की जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस तरह से आरटीआई कानून की अनदेखी होती रही, तो इसका मूल उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। यह कानून आम जनता को सरकारी कार्यों में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार उजागर करने का अधिकार देता है, लेकिन जब जिम्मेदार अधिकारी ही इसे लागू करने में रुचि नहीं दिखाते, तो व्यवस्था पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। स्थानीय स्तर पर भी इस मुद्दे को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ताओं और जागरूक नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो यह मामला जन आंदोलन का रूप ले सकता है। उन्होंने शासन से मांग की है कि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और लंबित आरटीआई आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या शासन इस गंभीर मुद्दे को संज्ञान में लेकर संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई करेगा या फिर आरटीआई कानून यूं ही उपेक्षा का शिकार बना रहेगा। फिलहाल, जालौन में पारदर्शिता और जवाबदेही के दावे खोखले नजर आ रहे हैं, और आम जनता अपने अधिकार के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।




### जालौन में आरटीआई कानून बेअसरः विभागों ने दबा रखी सूचनाएं, वर्षों से भटक रहे आवेदक

- 30 दिन की समयसीमा ध्वस्त, 1 से 2 साल बाद भी नहीं मिली जानकारी
- सिंचाई, पीडब्ल्यूडी, वन, जल निगम व कृषि विभाग पर गंभीर आरोप
- भ्रष्टाचार छिपाने के लिए सूचना रोके जाने का आरोप, शासन तक पहुंची शिकायतें

# देश के महानगरों से आने वाली टूरिस्ट बसों से बड़े पैमाने पर आ रहा टैक्स चोरी और तश्करी का माल

## -जी एस टी और पुलिस विभाग के खुले संरक्षण से हो रहा है यह गैर कानूनी काम खुले आम

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन** । सरकारी खजाने को लाखों रुपए रोज का चूना लगाने का एक बड़ा मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली, मध्य प्रदेश, कानपुर, आगरा और गाजियाबाद जैसे प्रमुख शहरों से आने वाली निजी शताब्दी और परिवहन विभाग की बसों का उपयोग कथित रूप से तस्कर (जीएसटी) चोरी के सामान को ढोने के लिए किया जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा खेल कथित तौर पर संबंधित अधिकारियों की 'मिलीभगत' और सरंक्षण में चल रहा है। इस अवैध व्यापार ने जालौन को तस्कर चोरी के एक प्रमुख केंद्र या 'हब' के रूप में स्थापित कर दिया है।




### बसों की छत और अंदर ठसाठस भरा माल

विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त सूचना और उपलब्ध दृश्यों के आधार पर, यह साफ देखा जा सकता है कि जालौन में प्रवेश करने वाली इन बसों की छतों पर यात्री सामान के बजाय व्यावसायिक सामान के बड़े-बड़े बंडल, बोरियाँ और कार्टन ठसाठस भरे होते हैं। इतना ही नहीं, बस के अंदर भी यात्रियों के बैठने की जगह पर और सीटों के बीच के गलियारों में भी माल भरा रहता है, जिससे यात्री सुविधाओं और सुरक्षा को भी ताक पर रख दिया गया है। यह साफ तौर पर दर्शाता है कि बसों को अवैध माल ढुलाई के 'चलते-फिरते गोदामों' में तब्दील कर दिया गया है।

### अधिकारियों की चुप्पी और मिलीभगत पर सवाल

आखिरकार, इतने बड़े पैमाने पर और खुलेआम हो रही इस अवैध गतिविधि पर प्रशासन की चुप्पी कई गंभीर सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों और सूत्रों का आरोप है कि परिवहन विभाग और संबंधित कर अधिकारियों को इस बारे में पूरी जानकारी है, लेकिन वे कथित तौर पर 'सुविधा शुल्क' लेकर आँखें मूँदे हुए हैं। यह अधिकारियों की मिलीभगत ही है जिसके कारण जालौन तस्कर चोरी का गढ़ बन गया है। अगर इन बसों की निष्पक्ष और आकस्मिक जाँच की जाए, तो एक बहुत बड़े कर चोरी के रैकेट का पर्दाफाश हो सकता है।


### व्यापक जाँच की मांग

इस सनसनीखेज खुलासे के बाद, अब आवश्यकता है कि वरिष्ठ अधिकारी और भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियाँ इस मामले का संज्ञान लें।

जालौन में प्रवेश करने वाली बसों की गहन जाँच के लिए विशेष टीमों का गठन किया जाना चाहिए जो बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के टोल तथा दिन दयाल उपाध्याय चौराहे से लेकर देव नगर चौराहे और डीजल टैंको तथा पुलिस विभाग के लगे सी सी टीवी कैमरों से जी एस जी चोरी करके आने वाले सामान को देखा जा सकता है । जिससे जाने वाले व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों के साथ-साथ उन अधिकारियों पर भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जो इस अवैध कारोबार को संरक्षण दे रहे हैं।

# बसपा का मास्टर स्ट्रोकः जालौन में डॉ. बृजेश जाटव को कमान, पदाधिकारियों के क्षेत्र किए सीमित

( यंग भारत न्यूज )






जालौन बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती जी के निर्देश पर संगठन को मजबूत करने के लिए झांसी मंडल के प्रभारियों की जिम्मेदारियों में फेरबदल किया गया है। इस बदलाव के तहत पार्टी ने पुराने चेहरों पर ही भरोसा जताया है, लेकिन बेहतर परिणाम के लिए उनके कार्यक्षेत्र के दायरे को सीमित कर दिया है।

झांसी मंडल प्रभारी डॉ. बृजेश जाटव अब सिर्फ जिला जालौन की संभालेंगे पूरी कमान

पार्टी के आदेशानुसार, माननीय डॉ. बृजेश जाटव जी अब पूरे जालौन जनपद में पार्टी का कार्य देखेंगे। उनके कुशल निर्देशन में जिले के संगठन को नई धार दी जाएगी। विशेष रणनीति के तहत, इखलाक राईन और जितेन्द्र दयालु के कार्यभार को अब केवल डेढ़-डेढ़ विधानसभा क्षेत्रों तक सीमित कर दिया गया है। ये दोनों पदाधिकारी अब डॉ. बृजेश जाटव के नेतृत्व में विशेष रूप से बूथ गठन के कार्य को गति देंगे, ताकि जमीनी स्तर पर संगठन को अभेद्य बनाया जा सके।

### झांसी मंडलः नए चेहरों और पुरानी जिम्मेदारियों का समन्वय

झांसी मंडल में सांगठनिक ढांचे को स्पष्ट करते हुए पार्टी ने नई नियुक्तियां की हैं:

ललितपुर: माननीय रामबाबू चिरगईया जी को झांसी मंडल का नया मंडल कॉर्डिनेटर बनाया गया है, हालांकि वे मुख्य रूप से केवल ललितपुर जिले में पार्टी के कार्यों का पर्यवेक्षण करेंगे।

झांसी जिला: माननीय रविकांत मौर्य जी पूर्व की भांति पूरे झांसी जिले में पार्टी का काम देखेंगे।

बुंदेलखंड नेतृत्व: अखिलेश अम्बेडकर जी और लालाराम अहिरवार जी (मुख्य प्रभारी) संयुक्त रूप से पूरे बुंदेलखंड और चित्रकूट-झांसी मंडल की जिम्मेदारी संभालेंगे।

बसपा सुप्रीमो के इस कदम का उद्देश्य पदाधिकारियों के कार्यक्षेत्र को एक दायरे में समेटकर उनसे अधिकतम परिणाम प्राप्त करना है। इस घोषणा के बाद जालौन सहित पूरे मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# बीती देर रात बजरिया पावर हाउस पर धू धू कर जला ट्रांसफार्मर

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर में स्थित बजरिया पावर हाउस पर शुक्रवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां रखे एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। जानकारी के अनुसार आग लगने का मुख्य कारण ओवरलोडिंग बताया जा रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों की माने, ट्रांसफार्मर से पहले धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके कुछ ही देर बाद तेज लपटें निकलने लगीं। आग ने देखते ही देखते आसपास रखी कई बिजली की केबिलों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे भारी नुकसान हुआ। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों और दमकल विभाग को दी।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, तब तक कई केबिलें पूरी तरह जल चुकी थीं। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। इस आग के कारण इलाके की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।एसडीओ धर्मेंद्र कुमार व जेई अमन पांडेय, अमन खान का कहना है कि जल्द ही क्षतिग्रस्त उपकरणों को बदलकर सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

# घर से लापता युवक की पत्नी ने पुलिस से लगाई गुहार

## -ससुर पर धमकी देने का लगाया आरोप

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला लाजपत नगर निवासी एक महिला ने अपने पति के घर से लापता होने और ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस से मामले में निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार, लाजपत नगर निवासी रीना बेगम पत्नी शराफत ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके पति शराफत निवासी लाजपत नगर, 2 अप्रैल 2026 से घर से लापता हैं। महिला का आरोप है कि उनके पति नशे और शराब के आदी थे तथा कई लोगों से कर्ज ले रखा था। पीड़िता ने बताया कि पति के लापता होने के बाद कर्ज देने वाले लोग लगातार घर पर आकर पैसे की मांग कर रहे हैं। इससे वह और उनके बच्चे मानसिक तनाव में हैं। महिला ने यह भी कहा कि कई बार उन्होंने कर्जदारों से समय देने की गुजारिश की, लेकिन समस्या लगातार बनी हुई है।शिकायती पत्र में महिला ने अपने ससुर पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह उन्हें और बच्चों को धमका रहे हैं। आरोप है कि ससुर कह रहे हैं कि 'अपने पति को खोजकर लाओ, नहीं तो तुम्हारी रिपोर्ट कर देंगे।' इस धमकी से महिला खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। रीना बेगम ने पुलिस से अनुरोध किया है कि मामले की जांच कर उनके पति की तलाश कराई जाए तथा उन्हें और उनके बच्चों को सुरक्षा प्रदान की जाए।वही शिकायती पत्र का तत्काल संज्ञान लेते हुए कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार ने गुमशुदगी में मामला दर्ज कराकर अन्य लगाए गए आरोपों की जांच शुरू खर दी है।

# इकलौते बेटे की हत्या करके फंदे पर लटका बाप

**झांसी।** जनपद में एक पिता ने अपने 3 साल के बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी। बेटे की जान लेने के बाद सुसाइड कर लिया। आंगन में सो रही मां देर रात करीब 2 बजे उठी तो बच्चा गायब था। कमरा अंदर से बंद था। खिड़की से अंदर झांकी तो नजारा देखकर चीख पड़ी। बच्चे का खून से लथपथ शव नीचे जमीन पर पड़ा था और पति फंदे से लटक रहा था। महिला के चिल्लाने पर परिजन जगे। वे भी दौड़े पहुंचे। घर में कोहराम मच गया।

पुलिस बुलाई गई। फिर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। शुक्रवार का यह मामला रक्सा थानाक्षेत्र के ढिमरपुरा गांव का है। युवक ने बेटे की हत्या कर खुद क्यों जान दी, अभी इसकी वजह सामने नहीं आ सकी है। रक्सा के ढिमरपुरा गांव निवासी प्रेमसिंह रायकवार (38) खेती किसानी करता था। उसकी शादी लगभग 6 साल पहले आशा से हुई थी। उनकी दो बेटी तुलसा (5) और विनीता (4) है। सबसे छोटा बेटा भरत (3) था।

# पूरे जनपद से बाइक चुराने वाले शातिर चोर को पुलिस ने दो बाइको सहित दबोचा

## पुलिस को मिली बडी कामयाबी,चोरी की दो बाइको सहित चोर को दबोचा

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चोरी की दो मोटरसाइकिलों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वही पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए उक्त जानकारी दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार मंडी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नितिश कुमार,सुरही चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह तथा सिपाही अभिषेक पाल क्षेत्र में गश्त पर थे तथा अपराध नियंत्रण और संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ दिन पहले चोरी हुई मोटरसाइकिल लेकर एक व्यक्ति जालौन रोड से नदीगांव की ओर जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने पंचानन चौराहे के पास घेराबंदी कर। पुलिसकर्मी सूरज ज्ञान स्कूल से थोडी दूर आगे झाड़ियों में छिपकर संदिग्ध का इंतजार करने लगे। कुछ ही देर बाद एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया, जिसकी पहचान मुखबिर ने पहले ही कर दी थी।पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को ललकार कर रोक लिया और पूछंताछ की।पूछंताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम श्रीप्रकाश पुत्र स्व लल्लू राम निवासी ग्राम अण्डा बताया।पुलिस को आरोपी के कब्जे से नकदी भी बरामद हुई। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद कीं। बरामद वाहनों को थाना परिसर में खड़ा कराया गया है।वही गिरफ्तार आरोपी को विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी किसी बड़े वाहन चोर गिरोह से जुड़ा तो नहीं है तथा उसके खिलाफ पहले से कोई आपराधिक इतिहास है या नहीं। क्षेत्र में बढ़ी पुलिस की सक्रियता से क्षेत्र में वाहन चोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

# मनोहरी गांव के पास सड़क हादसा,अनियंत्रित बाइक पुलिया में गिरी महिला गंभीर रूप से घायल

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम मनोहरी के पास एक सड़क हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।जानकारी के अनुसार ग्राम गढ़र निवासी राजेश्वरी पत्नी बृजकिशोर अपने भाई अमन के साथ बाइक से ग्राम अशूपुरा से अपने घर लौट रही थीं।तभी ग्राम मनोहरी के पास स्थित पुलिया पर पहुंचे ही थे कि अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी राजेश्वरी को गंभीर चोटें आईं, जबकि बाइक चला रहे अमन को मामूली चोटें आईं।घटना के तुरंत बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया।सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ. राजीव शर्मा ने बताया महिला को ज्यादा गंभीर चोट नहीं आई है। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य है, जिसके बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

# जन गणना प्रथम चरण का प्रशिक्षण सम्पन्न, सात मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण कार्यक्रम

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर के हाटा स्थित आईटीआई कालेज में शनिवार को भारत सरकार के जनगणना अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कोंच तहसील क्षेत्र के कर्मचारियों और संबंधित अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें जनगणना कार्य को सुचारु, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर शीलनिधि शुक्ला, देवेंद्र निरंजन और विपिन वर्मा ने उपस्थित कर्मचारियों को विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में क्षेत्र के सभी भवनों और मकानों का सर्वे किया जाएगा। इस दौरान मकानों की संख्या, उनकी स्थिति, प्रकार और उपयोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र की जाएगी, जिससे सटीक आंकड़े तैयार हो सकें।प्रशिक्षकों ने जानकारी दी कि 7 मई से 21 मई तक स्वगणना का कार्य किया जाएगा, जिसमें नागरिक स्वयं अपने परिवार और मकान से संबंधित जानकारी दर्ज करेंगे। इसके बाद 22 मई से 21 जून तक प्रगणक और सुपरवाइजर घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे और आंकड़ों का सत्यापन करेंगे।उन्होने बताया यह पहली बार डिजिटल जनगणना की जा रही हैं।ट्रेनरो ने बताया कि प्रत्येक क्षेत्र में एक सुपरवाइजर के साथ छह प्रगणकों की टीम तैनात की जाएगी, जो निर्धारित समय सीमा पर सर्वे कार्य पूरा करेगी। सर्वे के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि मकान आवासीय है या व्यवसायिक, कच्चा है या पक्का, तथा उसमें रहने वाले परिवारों की संख्या क्या है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ पूरा करें, ताकि सही और विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त हो सकें। इस अवसर पर विवेक ठाकुर, देवाशीष, अशुतोष श्रीवास्तव, आशा दोहरे, आरती दुबे, बबली निरंजन, राजर्षि, सौभाग्य, शालिनी शर्मा, विपिन पालीवाल, ओमप्रकाश सहित कई कर्मचारी एवं मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण माहौल में होमगार्ड भर्ती परीक्षा का आगाज़, प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

## हर केंद्र पर कड़ी निगरानी और पुख्ता इंतजाम, डीएम-एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद में होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 की परीक्षा को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित माहौल में प्रारंभ हुई। परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय और मुस्तैद नजर आया।



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आचार्य नरेन्द्र देव इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, दयानंद वैदिक महाविद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज तथा गांधी इंटर कॉलेज में सीसीटीवी निगरानी, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों को परखा गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग और फ्रिस्किंग सुनिश्चित की जाए तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी रखी जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, छाया और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध रहें। परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में अभ्यर्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही। प्रथम पाली में कुल 3408 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 2543 उपस्थित रहे, जबकि 865 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 3408 में से 2583 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 825 अनुपस्थित रहे। यह परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल 2026 को दो पालियों में आयोजित की जा रही है—प्रथम पाली सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 3:00 से शाम 5:00 बजे तक। जनपद में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ करें, ताकि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# भाजपा महिला मोर्चा ने निकाला जन आक्रोश मार्च

## महिला आरक्षण बिल पर सपा-कांग्रेस बेनकाब

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** भारतीय जनता पार्टी ने महिला आरक्षण बिल को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन सर्किट हाउस उरई में किया जिसकी मुख्य अतिथि कानपुर विधायिका नीलिमा कटियार रही उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण पर सपा कांग्रेस बेनकाब नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक को लोकसभा में विपक्ष द्वारा पारित नहीं होने देने से महिलाओं में आक्रोश है इसके बाद महिला संगोष्ठी इंद्रा इंदिरा पैलेस में हुई तथा जन आक्रोश महिला मार्च इंद्रा पैलेस से जिला परिषद से होते हुए इन्द्र पैलेस पर समाप्त किया गया मुख्य अतिथि ने कहा कि नारी शक्ति बंधन अधिनियम पर कांग्रेस सपा पार्टी समेत विपक्षी दलों का महिला विरोधी चेहरा उजागर हो गया है लोकसभा विधानसभा में 33% आरक्षण देने की ऐतिहासिक पहल भाजपा की है विपक्षी दलों द्वारा इसे बाधित करने का प्रयास उनके महिला विरोधी चेहरे को उजागर करता है इसी अन्याय के विरोध में देश भर की आदि आबादी सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक ढंग से आक्रोश प्रकट कर रही है मुख्य रूप से उपस्थित सदर विधायक गौरीशंकर, विधायक मूलचंद्र निरंजन, एमएलसी राम निरंजन, घनश्याम अनुरागी, रेखा वर्मा, मीनू मिश्रा, प्रीति बंसल, अनीता कठेरिया, अनीता सोलंकी, शसी, सोमेंद्र, अशोक राठौर, विवेक कुशवाहा, पुष्पेंद्र सेगर आदि संख्या उपस्थित रही

# इंदिरा स्टेडियम तरणताल तैयार, टेस्टिंग जारी—मई के प्रथम सप्ताह से खिलाड़ियों को मिलेगी आधुनिक सुविधा

## जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, युवाओं के लिए बड़ी सौगात

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद मुख्यालय स्थित इंदिरा स्टेडियम का तरणताल अब पूरी तरह तैयार होकर नई चमक के साथ खिलाड़ियों और युवाओं के लिए खुलने की ओर अग्रसर है। जल शक्ति मंत्री की निधि से संचालित इस महत्वपूर्ण परियोजना का जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्थलीय निरीक्षण कर सभी कार्यों की गुणवत्ता और पूर्णता का जायजा लिया। तरणताल परिसर में कराए गए व्यापक विकास कार्यों के तहत पाथवे निर्माण, शौचालयों का उन्नयन, बाउंड्रीवाल का सुदृढ़ीकरण, शेड निर्माण, टाइल्स नवीनीकरण, रंगाई–पुताई एवं संपूर्ण रेनोवेशन कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। पूरा परिसर अब आधुनिक, आकर्षक और सुविधाजनक स्वरूप में नजर आ रहा है, जो खिलाड़ियों और आगंतुकों को बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। वर्तमान में तरणताल की तकनीकी टेस्टिंग एवं अंतिम तैयारियों का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण रूप से संतोषजनक पाए जाने के उपरांत तरणताल को मई के प्रथम सप्ताह में आमजन एवं खिलाड़ियों के लिए प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सुविधा जनपद के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करेगी और स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इंदिरा स्टेडियम का यह उन्नयन जनपद में खेल गतिविधियों को नई दिशा और गति देने का कार्य करेगा, जिससे युवा पीढ़ी को बेहतर अवसर और संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# सपा कार्यालय में लोहिया वाहिनी की हुई बड़ी बैठक

## 2027 विधानसभा चुनाव की जोरदार तैयारियों को लेकर डॉ. रामकरण निर्मल ने भरी हुंकार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामकरण निर्मल के मुख्य अतिथि में जिला कार्यालय पर शनिवार को जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर बुलाई गई इस बैठक में बूथ से सेक्टर तक के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए। जिला अध्यक्ष दीपराज गूर्जर व जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी लल्ला यादव के नेतृत्व में हुई बैठक में पूर्व मंत्रियों व पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

बैठक में पूर्व मंत्री श्रीरामपाल, हरिओम उपाध्याय, वीरेंद्र सिंह यादव, राघवेंद्र सिंह, वेदप्रकाश यादव सपा विधानसभा अध्यक्ष उरई, ब्रजमोहन बब्लू नरछा, गुड्डू महेवा,बब्बू राजा चौधरी, मान सिंह पाल, महेश शिरोमणि दोहरे ,मनोज कुमार अहिरवार, महेंद्र कठेरिया, संतोष जीनू कोरी, कुसुम सक्सेना, दीपशिखा श्रीवास, रश्मि पाल, संतोषी प्रजापति, जीवन बाल्मीकि, सनी यादव, महेश विश्वकर्मा, विवेक यादव, प्रताप यादव, आकाश सविता, सत्येंद्र दोहरे, विकास कुमार, शालू जाटव, भगवान सिंह, रामपाल कुशवाहा, ब्रजेश पाल, ब्रजलाल यादव, भरत पाल, अकील अंसारी, सुनील उदैनिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामकरण निर्मल के आगमन पर जिला अध्यक्ष लल्ला यादव ने फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने भी उत्साह से उनका अभिनंदन किया। डॉ. निर्मल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 2027 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का भरा हुंकार भरी। बैठक में चुनावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश का संचार हुआ।

# पंजीकृत किसानों ई लाटरी के माध्यम से बीज उपलब्ध उपलब्ध करनतिथि 22 अप्रैल से 10 म ई निर्धारित की गई-एस के उत्तम

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उप कृषि निदेशक एस0के0 उत्तम ने खरीफ 2026 मे विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषको द्वारा बुकिंग के उपरान्त ई–लॉटरी के माध्यम से बीज उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध मे बताया कि खरीफ 2026 मे विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओ अन्तर्गत सामान्य बीज वितरण एंव नि:शुल्क बीज मिनीकिट वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्यो के सापेक्ष समस्त बीज (प्रमाणित / संकर) की बुंकिग विभागीय पोर्टल https.//agriculture.up.gov.in/ पर दिनांक 22.04.2026 से प्रारंभ कर दी गई है जिसकी कट–ऑफ तिथि 10 मई निर्धारित है। जहाँ किसान अपनी आवश्यकतानुसार निम्नलिखित योजनाओ मे बीज कि बुकिंग कर सकते है बीज वितरण हेतु कृषको का चयन ई–लाटेंरी के माध्यम से किया जायेगा। एक कृषक को केवल एक ही मिनिकिट प्राप्त हो सकेगा। चयनित कृषको को POS मशीन के माध्यम से राजकीय कृषि बीज भण्डारो से सामान्य बीज वितरण एंव मिनीकिट बीज वितरण वितरित किया जायेगा। योजना का नाम,फसल,अनुदान निम्न है। उन्होंने बताया कि राज्य सहायतित नि:शुल्क तिलहन बीज मिनिकिट वितरण योजना के अंतर्गत फसल तिल एवं मूंगफली में अनुदान– नि:शुल्क मिनिकिट, नि:शुल्क दलहन बीज मिनिकिट वितरण योजना के अंतर्गत फसल उड़द,मूंग,अरहर में अनुदान– नि:शुल्क मिनिकिट, उ0प्र0 मिलेटस पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत फसल कोदो, सांवा, रागी, संकर बाजरा,संकुल ज्वार में अनुदान– नि:शुल्क मिनीकिट, मिशन फॉर आत्मनिर्भरता इन प्लेसेस योजना के अंतर्गत फसल उड़द, मूंग, अरहर में अनुदान– निशुल्क मिनीकिट एवं सामान्य बीज वितरण( मूल्य की 50 प्रतिशत अनुदान पर), राष्ट्रीय खाद्य योजना एवं पोषण मिशन के अंतर्गत फसल धान, उड़द, मूंग, अरहर, संकर बाजरा, संकर ज्वार में अनुदान– सामान्य बीज वितरण( मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान पर), त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत फसल संकर मक्का में अनुदान– सामान्य बीज वितरण( मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान पर), कृषि विकास की योजनाएं ICDP rice के अंतर्गत फसल सामान्य धान, संकर धान, ढेंचा में अनुदान– सामान्य बीज वितरण( मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान पर) किया जाएगा।

# थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रशासन की संवेदनशीलता, फरियादियों की समस्याओं का समयबद्ध हो निस्तारण

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मौके पर सुनवाई कर समयबद्ध निस्तारण के दिए सख्त निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उरई कोतवाली परिसर में आयोजित थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस प्रशासन की सक्रियता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने दूर–दराज से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।समाधान दिवस के दौरान घरेलू विवाद, जमीनी विवाद, आपसी कहासुनी एवं अन्य जनसमस्याओं से जुड़े प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी ने सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और निर्धारित समयसीमा के भीतर शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस जनता की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में तत्परता दिखाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन का विश्वास प्रशासन पर और मजबूत हो। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि विवादित मामलों में मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष जांच करें और आवश्यकतानुसार विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करें। प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह सजग, संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर

# समयसीमा और मानकों का कड़ाई से पालन करें, 30 जून तक हर हाल में पूर्ण हो निर्माण–जिलाधिकारी

## निरीक्षण में खामियों पर सख्त निर्देश, ड्राइंग के अनुरूप कार्य सुनिश्चित कराने पर जोर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद मुख्यालय पर निर्माणाधीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अधीनस्थ कार्यालय भवन परियोजना का जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्थलीय निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था सी एंड डीएस, उत्तर प्रदेश जल निगम, झांसी को निर्देशित किया कि जो लगभग 391.77 लाख रुपये की लागत से संचालित इस परियोजना को 30 जून 2026 तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाए तथा कार्य की गति बढ़ाते हुए समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने फिनिशिंग कार्यों को लेकर विशेष निर्देश देते हुए कहा कि अंतिम चरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर प्रगति की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाई गई तकनीकी कमियों पर जिलाधिकारी ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए। मुख्य गेट के ऊपर बनाया गया छज्जा स्वीकृत ड्राइंग के अनुरूप न होने पर उसे तोड़कर पुन: मानक के अनुसार निर्माण कराने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त भवन के बाईं ओर प्रस्तावित गैरेज को अनुपयुक्त बताते हुए उसे अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह परियोजना जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण है, इसलिए निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध एवं मानक अनुरूप निर्माण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकरी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# किसान क्लब सालाबाद में आयोजित गोष्ठी, समुचित उर्वरक का उपयोग कैसे करें

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** किसानों की पैदावार बढ़ाने और उसके तरीकों की जानकारी के लिए किसान क्लब सालाबाद की ओर से उर्वरक का समुचित प्रयोग कैसे करें। इस विषय पर कृषि ज्ञान केंद्र रूरा मल्लू के अध्यक्ष डॉक्टर मोहम्मद मुस्तफा अहमद, डॉ मंजुल पांडे , डॉक्टर विक्टर जोशी, डॉक्टर राजकुमारी ने कृषकों को संबोधित करते हुए अपनी भूमि का परीक्षण करके ही संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें। जिसमें ढांचा, शनई एवं मूंग को हरी खाद के रूप में उपयोग करके किसान लागत को कम कर सकते हैं। गोष्ठी कार्यक्रम में क्षेत्रीय किसान राघवेंद्र नगाईच, रामकिशोर पुरोहित, ललिया महाराज, जरा,भूपेंद्र सिंह सालाबाद,महेंद्र सिंह यादव जालौन ग्राम सालाबाद एवं ग्राम सुढ़ार के लगभग 50 किसान मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर बुकिंग को ग्रामीण क्षेत्रों में भी 25 दिन करने की मांग को लेकर लिखा मंत्रालय को पत्र

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जालौन नगर में ग्रामीण क्षेत्र की गैस एजेंसी चौहान इंडेन गैस सर्विस के माध्यम से छह से सात हजार उपभोक्ताओं को रसोई गैस उपलब्ध कराई जाती है। ग्रामीण क्षेत्र की गैस एजेंसी में 45 दिनों का लॉक पीरियड होने से उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ताओं ने शहरी क्षेत्र के अनुसार 25 दिनों का लॉक पीरियड किए जाने की मांग करते हुए मंत्रालय को पत्र भेजा है। नगर में इंडेन गैस की उपलब्धता के लिए दो एजेंसी थीं। जिनमें पहली जालौन इंडेन गैस सर्विस और दूसरी चैनू इंडेन गैस सर्विस थीं। इनमें से चैनू इंडेन गैस सर्विस को कुछ वर्ष पूर्व सस्पेंड कर दिया गया था। इस एजेंसी के उपभोक्ताओं को ग्रामीण क्षेत्र की एजेंसी चौहान इंडेन गैस सर्विस से अटैच कर दिया गया था। यहां नगर के लगभग छह से सात हजार उपभोक्ता पंजीकृत हैं। अमेरिका–इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के चलते गैस रिफिलिंग के लिए लॉक पीरीयड बढ़ाया गया है। जिसके अनुसार शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता सिलिंडर रिफिल कराने के बाद दूसरी बुकिंग 25 दिन बाद कर सकते हैं। जबकि ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह अवधि 45 दिनों के लिए की गई है। ऐसे में जालौन गैस एजेंसी के उपभोक्ता 25 दिनों की लॉक अवधि के बाद गैस की बुकिंग कर पा रहे हैं। जबकि चौहान गैस एजेंसी पर पंजीकृत उपभोक्ताओं की गैस की बुकिंग 45 दिनों के बाद हो रही है। ऐसे में इस एजेंसी के उपभोक्ता परेशान है। परेशान उपभोक्ता अशफाक राईन, जावेद, अनिल आदि ने बताया कि गैस सिलिंडर 20 से 25 दिनों अधिकतम एक माह में समाप्त हो जाता है। 45 दिनों की लॉक अवधि के चलते वह बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं और उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने मंत्रालय को पत्र भेजकर चौहान गैस एजेंसी पर नगर क्षेत्र के पंजीकृत उपभोक्ताओं के 25 दिनों की लॉक अवधि का लाभ दिलाने की मांग करते हुए कहा कि वह शहरी क्षेत्र के निवासी हैं इसलिए उन्हें शहरी क्षेत्र के अनुसार लाभ मिलना चाहिए।

# कुठोंद के नवासी गांव में युवक का सप्ताह भर पुराना बदबू मारता शव घर में मिला, क्षेत्र में सनसनी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** । कुठोंद थाना क्षेत्र के ग्राम नवासी में शनिवार को एक युवक का सप्ताह भर पुराना शव उसके ही कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। बंद कमरे से उठ रही तेज दुर्गंध के बाद घटना का खुलासा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।



जानकारी के अनुसार ग्राम नवासी निवासी नागेंद्र दोहरे पुत्र जगजीवन राम नोएडा में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह 14 अप्रैल को गांव आया था। परिजनों के अनुसार 17 अप्रैल के बाद से वह किसी को दिखाई नहीं दिया। घर के लोग यह समझते रहे कि वह कहीं बाहर गया होगा। शनिवार 25 अप्रैल को उसकी चाची अपने मायके से वापस लौटीं। घर पहुंचने पर बंद कमरे से तेज दुर्गंध आने पर उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। जब आसपास के लोगों की मदद से कमरे का दरवाजा खोला गया तो अंदर का दृश्य देख सभी स्तब्ध रह गए। नागेंद्र का शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था और शव कई दिन पुराना होने के कारण सड़ने लगा था। घटना की सूचना तत्काल कुठोंद थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है।

# कुन्ठौंदा महावीर जी मन्दिर के महंत चारधाम की पैदल पदयात्रा के लिए निकले

( यंग भारत न्यूज )



**उरई( जालौन )**। थाना रेढ़र के अन्तर्गत प्राचीन व सिद्धस्थान श्री महावीर जी मन्दिर कुठौंदा (बंगरा) के महंत श्री श्री 1008 श्री रामेश्वर दास जी महाराज द्वारा उत्तराखंड चार धाम केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री यमुनोत्री की पदयात्रा पर आज से विश्व शांति एवं सद्भावना के उद्देश्य से अपने चार संतों के साथ गांव से चल दिए हैं उनके साथ पद यात्रा में चलने वाले संतों में महंत सत्यनारायण दास जी सिकरी, विशम्बर दास जी खनेता, संतराम पाण्डेय रेंढ़र आदि शामिल हैं ।जो साथ में चारों धाम की पदयात्रा पर पैदल चल रहे हैं ।इस अवसर पर उपस्थित संत एवं महंतों में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर यज्ञ पीठाधीश्वर श्री दूधाधारी जी महाराज श्री 1008 महा मंडलेश्वर श्री मनमोहन दास जी महाराज( खटखटा) संकटमोचन आश्रम वृंदावन धाम, श्रीश्री 1008 महन्त श्री सिद्ध रामदास जी महामण्डेश्वर सिद्धपीठ ठड़ेश्वरी मंदिर उरई,रामकरण दास जी कालपी मण्डलेश्वर, गोपालदास जी मण्डलेश्वर बंगरा, वीरू महाराज ?मण्डलेश्वर गोहन,कथा व्यास -श्री प्रीतम दास जी महाराज,श्री ऋषि महाराज वृंदावन धाम आदि महंतों ने आशीर्वाद प्रदान करके शुभ व मंगल पदयात्रा की कामना की इस अवसर पर रामनरेश द्विवेदी रामआसरे त्रिवेदी पत्रकार राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय पत्रकार कल्याण परिषद, अशोक दुबे लम्बरदार उकासा,गोलू तिवारी महाराज उरई,अमित दुबे आज, रमाशंकर शर्मा आज, शालिकराम पाण्डेय, अंजनी सोनी,सुरेन्द्र श्रीवास्तव,विनोद मिश्रा,प्रवीण पचौरी विकास कुमार,अमन नारायण अवस्थी,नीरज श्रीवास्तव, सुशील मिश्रा,प्रवीण पचौरी, आदि पत्रकार बंधुओं ने उपस्थित होकर संत महंतों से आशीर्वाद लिया व महंत जी की शुभ पदयात्रा की मंगल कामना की। इस अवसर पर सत्यनारायण दुहौलिया पूर्व प्रधान कुठौंदा, अशोक दीक्षित,महेश चंद्र पांडे, अध्यक्ष सिंचाई बंधु चित्रांगद पाण्डेय पूर्व प्रधान रेंढ़र,आनंद दुहौलिया प्रधान कुठौंदा,सतीश दुहौलिया पूर्व प्रधान कुटरा, श्याम सुंदर मिश्रा,सुरेन्द्र दीक्षित, ब्रिज किशोर दुबे (बृज), अतुल, सुधीर श्रीवास्तव,प्रशांत दुबे, शिवकुमार पाठक गणेशनगर, मोनू दूरवार,पिंटू तिवारी,सौरभ तिवारी,विनय बुटोलिया,विनय कुमार,सौरभ तिगुनायक,हर्ष द्विवेदी,अमन पाराशर,राघवेंद्र दुहौलिया रानू चंसौलिया,दीपू बुटोलिया,रामजी तिगुनायक अभिषेक विकास तिगुनायक मनीष शर्मा इबासनपुरा अमित बुटोलिया बुद्धसिंह राजावत दिनेश चौहान सराय,धर्मवीर सिंह,बीरबहादुर सिंह,शिवम् चौधरी,सुंदर सिंह राजावत, चंद्रभाल सिंह,सोमेश सिंह, संतोष गुर्जर,अवनीश झा,प्रवीण पचौरी,भरत भदौरिया,कल्लू गुप्ता,संतोष गुप्ता,सूर्य प्रताप गुर्जर बंगरा आदि हजारों क्षेत्रीय ग्रामीण भक्त उपस्थित थे पदयात्रा में डीजे की धुन और घोड़ों के टापों तथा बैंड बाजे पर क्षेत्रवासी झूम उठे ।रामजी तिगुनायक व प्रवीण पचौरी,पप्पू राजावत आदि लोगों ने उपस्थित संतों व पत्रकार बंधुओं का स्वागत करते हुए पट्टिका माला भेंट की। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक वरिष्ठ पत्रकार रामनरेश द्विवेदी कुठौंदा द्वारा सभी सम्मानित संत महंतों व क्षेत्रीय लोगों तथा पत्रकार साथियों को पट्टिका भेंट कर माल्यार्पण करते हुए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया

# शराब के लिए मां से उलझा बेटा, कोतवाली पुलिस ने की सख्त कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** जनपद के कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला खंडेराव में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक कलयुगी बेटे ने शराब के लिए रुपये न देने पर अपनी मां के साथ जमकर झगड़ा किया। परेशान मां ने न्याय के लिए पुलिस का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी बेटे को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की है।

**पूरी घटना:**

मोहल्ला खंडेराव निवासी कुसमा देवी ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र विजय शराब का व्यसनी है और नशे की लत के कारण अक्सर घर में विवाद करता रहता है। शनिवार सुबह विजय ने अपनी मां से शराब पीने के लिए रुपयों की मांग की। जब कुसमा देवी ने रुपये देने से इनकार कर दिया, तो विजय आक्रोशित हो गया और मां के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए झगड़ा शुरू कर दिया।

**पुलिस की कार्रवाई:**

बेटे के आए दिन के उत्पीड़न से तंग आकर पीड़िता ने जालौन कोतवाली में मामले की लिखित तहरीर दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी बेटे के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि पारिवारिक शांति भंग करने और बुजुर्गों के साथ अभद्रता करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया जाएगा।

# वीडियो कालपी समाधान दिवसों पर हमेंशा रहते हैं नदारद, अब तक कार्यवाही क्यों नही हुई यह पूछते हैं फरियादी

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 25 अप्रैल।** नामित अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक ने बैठना मुनासिब नहीं समझा वहीं उप निरीक्षक ने बैठकर खाना पूर्ति की उक्त दिवस पर एक फरियादी के द्वारा शिकायत प्रस्तुत निस्तारण किए जाने की मांग की मौके में शिकायत का निस्तारण किया गया।



शनिवार के दिन कोतवाली कालपी के अतिथि गृह में आयोजित समाधान दिवस पर उप निरीक्षक पुत्तूलाल यादव ने राजस्व संबंधित शिकायतें सर्वाधिक जो आई उक्त शिकायत के संबंध में मामला न्यायालय में विचाराधीन पाए जाने पर फरियादियों को वापस किया ग्राम देवकली निवासी गण प्रताप सिंह राजेंद्र सिंह आदि लोगों ने शिकायत प्रस्तुत करके अवगत कराया कि हीरापुर यमुना के ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से आराजी जमीन पर कब्जा कर ट्रक निकाले जा रहे हैं जिसमें मुआवजे दिलाए जाने की मांग की मौके में वरिष्ठ उप निरीक्षक उदय प्रताप सिंह टरननगंज चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र उप निरीक्षक ओंकार सिंह राजस्व निरीक्षक कुंवर हरेंद्र सिंह विद्युत अवर अभियंता कालपी सत्य प्रकाश विद्युत अवर अभियंता नियामतपुर नवीन कुमार पालिका लिपिक सरफराज खान उर्फ बाबा लेखपाल सदर जितेंद्र सिंह लेखपालों में विभा पल्लवी श्रीवास्तव प्रिया सिंह चौहान आदर्श जादौन आकाश चौधरी जितेंद्र सिंह राजपूत राजकमल राहुल कुमार आदि लोग मौजूद थे। फोटो नामित अधिकारी कुर्सी खाली पड़ी उप निरीक्षक फरियादियों की शिकायत सुनते हुए।

# विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। चिकित्साधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक किया गया और मलेरिया मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. केडी गुप्ता ने लोगों से बुखार आने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर मलेरिया की जांच और दवाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने भ्रांतियों और झाड़-फूंक से बचने की सलाह देते हुए कहा कि मलेरिया का इलाज चिकित्सा विज्ञान में पूरी तरह संभव है। मच्छरों से बचने के लिए उन्होंने रात में मच्छरदानी का प्रयोग करने पर भी जोर दिया। डॉ. राजीव दुबे ने इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम 'संकल्पित अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा' बताई। उन्होंने जानकारी दी कि भारत मलेरिया उन्मूलन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और लगभग 80 प्रतिशत मलेरिया समाप्त हो चुका है। हालांकि, पूर्ण उन्मूलन के लिए सामुदायिक सहयोग जरूरी है। डॉ. सहन बिहारी गुप्ता ने मलेरिया से बचने के लिए सावधानियां बरतने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि रुके हुए पानी में मच्छर के लार्वा पनपते हैं। इसलिए घर के आसपास जल भराव न होने दें। उन्होंने 'हर रविवार-मलेरिया पर वार' अभियान के तहत लोगों से कूलर, गमलों और पुराने टायरों की नियमित सफाई करने और पानी बदलने की अपील की।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम और उपस्थितजनों ने मिलकर मलेरिया मुक्त भारत बनाने की शपथ ली। इस मौके डॉ. विनोद राजपूत, डॉ. योगेश आर्या, डॉ. पीएन शर्मा, अवधेश राजपूत, सचिन, देवेंद्र, शैलेंद्र भदोरिया आदि रहे।

# सहालग के समय नगर के कई स्थानों पर जाम की समस्या, जनता बेहाल

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** नगर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। सहालग के समय नगर के कई स्थानों पर जाम की समस्या बनी रहती है। जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर निवासी अशफाक, प्रतीकांत, वैभव आदि ने बताया कि कांजी हाउस चौराहा से तहसील रोड और सब्जी मंडी एवं झंडा चौराहा के अलावा छोटी माता मंदिर के पास जाम की समस्या लगातार बनी हुई है। गर्मी के चलते दोपहर के समय तो थोड़ी राहत रहती है। लेकिन शाम के समय जाम की समस्या बढ़ जाती है। चार पहिया वाहनों के अलावा ट्रैक्टर आदि जब निकलते हैं तो लोगों को जाम में सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। स्कूल की छुट्टी के समय स्कूल बसें भी जाम की समस्या को बढ़ाती नजर आती हैं। इसके अलावा दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर कब्जा करने, ठेला ठिलिया वाले दुकानदार एवं अव्यवस्थित पार्किंग भी जाम की समस्या को बढ़ाती नजर आती हैं। जाम में फंसने पर लोगों के समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होती है। इन क्षेत्रों में यातायात को नियंत्रित करने के लिए कोई कर्मचारी नजर नहीं आता है। जिसके चलते समस्या लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए अतिक्रमण हटवाने और व्यस्त स्थानों पर यातायात पुलिस की तैनाती कराने की मांग की है।

# वरिष्ठ पत्रकार व व्यापारी नेता राम प्रकाश पुरवार 'ताऊजी' का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी।** कालपी व्यापार मंडल के प्रांतीय नेता, वरिष्ठ पत्रकार एवं डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब कालपी इकाई के संरक्षक 77 वर्षीय राम प्रकाश पुरवार 'ताऊजी' का इलाज के दौरान नोएडा में निधन हो गया। उनके निधन से कालपी सहित पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गई है।

परिवारजनों के अनुसार राम प्रकाश पुरवार पिछले एक सप्ताह से नोएडा के एक निजी चिकित्सालय में हृदय संबंधी बीमारी के उपचार हेतु भर्ती थे। उनका ऑपरेशन सफलतापूर्वक हो गया था और डॉक्टरों द्वारा जल्द ही उन्हें छुट्टी देने की तैयारी की जा रही थी। इसी बीच शुक्रवार देर शाम अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनका निधन हो गया। इस दुखद घटना की जानकारी उनके छोटे भाई अशोक पुरवार (पीटीआई) मान्यता प्राप्त पत्रकार ने दी। उन्होंने बताया कि ताऊजी लंबे समय से सामाजिक, व्यापारिक और पत्रकारिता क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते रहे और क्षेत्र में उनका विशेष सम्मान था। उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके निजी निवास मोहल्ला राम चबूतरा, कालपी में शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। शनिवार सुबह से ही व्यापार मंडल के पदाधिकारी, पत्रकार, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी, रिश्तेदार एवं क्षेत्रीय नागरिक उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं और परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं। बताया गया है कि राम प्रकाश पुरवार का अंतिम संस्कार शनिवार को यमुना नदी के कालपी तट पर किया गया जहां बड़ी संख्या में लोग उन्हें अंतिम विदाई देंगे। राम प्रकाश पुरवार अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और समाजसेवा के प्रति समर्पण के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। श्री पुरवार के निधन पर (यंग भारत) के उरई स्थित मुख्यालय में प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ जिसमें स्टाफ के समस्त पत्रकारों ने श्री पुरवार को हृदय से दी श्रद्धांजलि

# झगड़े में कालपी पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर शांति भंग में किया चालान

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 25 अप्रैल।** एक ग्राम में पड़ोसी से दो सगे भाईयों का लड़ना महंगा पड़ा वही उप निरीक्षक ने गिरफ्तार कर जुर्म धारा 170 126 135 तहत अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में जेल भेजा।

पुलिस के मुताबिक उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह भदोरिया पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे वही झगड़े की सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने ग्राम सुरौली निवासी गण संदीप कुलदीप पुत्रगण रामशंकर पड़ोसी को गाली गलौज कर झगड़े को अंजाम दे रहे थे तभी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया उक्त घटना में कालपी पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ अलग-अलग चालानी रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डाक्टरी परीक्षण कराकर संबंधित अदालत में प्रस्तुत किया।

# विद्युत पोल तोड़कर भाग रही डीसीएम को पुलिस ने पकड़ा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 25 अप्रैल।** शनिवार के दिन डीसीएम गाड़ी को चालक दमरास से कालपी की और तेजगति से चला कर आ रहा था तभी नियामतपुर के समीप सड़क के किनारे विद्युत पोल स्थापित पर जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे विद्युत पोल पूरी तरह से टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया घटना की सूचना जैसे ही अवर अभियंता कालपी सत्य प्रकाश को मिली उन्होंने तत्काल पुलिस बल के साथ अपने बाहन को दौड़ा कर दुर्घटना करी डीसीएम को पकड़वाकर मंडी कालपी पुलिस हिरासत में करी कार्यवाही

# पिता की मृत्यु पर अलटो कार के अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 25 अप्रैल।** एक माह पूर्व पिता की सड़क दुर्घटना में मृत्यु को लेकर पुत्र की तहरीर पर कालपी पुलिस ने अलटो कार नंबर यूपी 78 सीके 1400 तथा अज्ञात चालक के खिलाफ जुर्म धारा 281 106(1) के तहत मुकदमा कायम कर विवेचना उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह भदोरिया को जांच सौंपी।

थाना कदौरा इटौरा बाबनी निवासी अभिषेक पुत्र स्वर्गीय जगमोहन ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि 24 मार्च 2026 शाम को मेरे पिता कालपी से घर वापस आ रहे थे तभी हमीरपुर सड़क जयरामपुर के पास उपरोक्त कार ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे मेरे पिता जगमोहन की मृत्यु हो गई मृत्यु उपरांत सारी औपचारिकताएं पूर्ण करने में समय लगा इसलिए रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी हुई है।

## 23वां वार्षिक सवामनी हवनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** ।छठी माता मंदिर के पास स्थित हनुमंत साधना धाम पर 23वां वार्षिक सवामनी हवनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 26 अप्रैल को हो रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन 26 अप्रैल दिन रविवार को अखंड रामायण पाठ शुरू होगा। 27 अप्रैल दिन सोमवार को हवन व पूजन के बाद प्रसाद वितरण होगा। यह जानकारी मंदिर के पुजारी रमेशचंद्र महाराज ने दी है।

## शादी समारोह के दौरान एक बच्ची समेत दो महिलाओं की चांदी की पायल चोरी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बंगरा मार्ग एक गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह के दौरान एक बच्ची समेत दो महिलाओं की चांदी की पायल चोरी हो गई। पीड़ित महिलाओं ने पायल चोरी होने की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुढ़ार निवासी चंद्रशेखर की पुत्री का विवाह बंगरा मार्ग पर स्थित एक गेस्ट हाउस से हो रहा था। शादी समारोह में शामिल होने के लिए रिश्तेदार आए थे। जयमाल के बाद रिश्तेदार गेस्ट हाउस में ही सो गए। चाचा की बेटी की शादी में शामिल होने आई शांतिनगर उरई निवासी नीतू व उनकी पुत्री नित्या एवं मामा की बेटी की शादी में शामिल होने आई हरीपुरा निवासी शिवांगी ने पुलिस को बताया कि रात में सोते समय किसी ने उनके पैरों से पायल चोरी कर ली। आरोप लगाया कि पायल निकालते समय करीब छह वर्षीय बेटी की नींद खुल गई और उसने दो युवकों को पायल निकालते हुए देखा है। पीड़ित महिलाओं की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रंगदारी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** कोतवाली उरई पुलिस द्वारा रंगदारी के अभियोग में वांछित आरोपी शंकर सिंह लोधी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है ।

वादी डा रामवीर सिंह पुत्र जय शंकर सिंह निवासी राजेंद्र नगर उरई ने कोतवाली में तहरीर देकर शंकर सिंह पुत्र जुझार सिँह निवासी राजेंद्र नगर पर रंगदारी मांगने ना देने पर जान माल की धमकी देने का आरोप लगाया था, पुलिस के उच्च अधिकारियो के निर्देश पर वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत आरोपी क्रो गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# एसपी ने थाना आटा का आकस्मिक निरीक्षण किया

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा थाना आटा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । इस दौरान थाना कार्यालय के अभिलेखों व एचएस इंडेक्स, मिशन शक्ति केंद्र, महिला/साइबर हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना का अवलोकन कर अभिलेखों के रखरखाव/अध्यावधिक, लंबित विवेचनाओं का समय से निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, थाना परिसर की साफ-सफाई इत्यादि के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये गये।





# चांदी की रिफाइनरी में बड़ी ठगी, अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**सिकंदराबाद।** महाकाली Police ने धोखाधड़ी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है. पुलिस ने चार सदस्यों वाले अंतरराज्यीय गिरोह को गिरफ्तार कर लिया है. यह मामला हैदराबाद के सिकंदराबाद जोन में महाकाली Police स्टेशन में दर्ज किया गया था.

Police के अनुसार, शिकायतकर्ता हीरालाल वर्मा सिकंदराबाद की महाकाली स्ट्रीट पर श्री जगदंबा इंडस्ट्रीज नाम से चांदी की रिफाइनरी का काम करते हैं. बीस मार्च दो हजार छब्बीस को शाम करीब साढ़े चार बजे उनके एक पुराने ग्राहक राजेश एक दूसरे व्यक्ति के साथ दुकान पर आए. वे तीन कच्ची चांदी के सिल्ले लेकर आए थे. उन्होंने हैदराबाद के चारकमान स्थित दुर्गा बुलियन रिफाइनरी की शुद्धता परीक्षण रिपोर्ट भी दिखाई. चूंकि राजेश पहले भी कई बार व्यापार कर चुके थे, इसलिए हीरालाल ने उन पर भरोसा कर लिया. बिना किसी जांच के उन्होंने आरोपियों को साठ प्रतिशत शुद्धता के बराबर पच्चीस छोटे चांदी के सिल्ले दे दिए, जिनका कुल वजन करीब छह हजार तीन सौ पचास ग्राम था. आरोपी वहां से चले गए. बाद में जब हीरालाल ने उन सिल्लों की बाजार में जांच कराई तो पता



चला कि उनमें चांदी की मात्रा बिल्कुल शून्य थी. इस धोखाधड़ी में उन्हें करीब पंद्रह लाख रुपए का नुकसान हुआ. इसके बाद दो और इसी तरह के मामले सामने आए. एक महाकाली क्थ्द्यद्बष्द्ग स्टेशन में और दूसरा मार्केट Police स्टेशन में. इन मामलों में भी शिकायतकर्ताओं को करीब छह किलो से ज्यादा चांदी के बराबर का नुकसान हुआ. कुल मिलाकर तीन मामलों में गिरोह ने व्यापारियों को ठगा. Police जांच में पता चला कि यह एक संगठित गिरोह है. गिरोह के मुखिया हृदेश कुमार समेत पांच सदस्य हैं. इनमें तीन सदस्य उत्तर प्रदेश के आगरा के रहने वाले हैं, एक इटावा का और एक Madhya Pradesh का. ये सभी आपस में रिश्तेदार या दोस्त हैं. गिरोह का तरीका बहुत चालाक था. वे चांदी के व्यापारियों से संपर्क करते और पहले दो बार असली चांदी का साठ प्रतिशत शुद्धता वाला सिल्ला देकर उनका भरोसा जीत लेते. तीसरी बार वे नकली रिपोर्ट दिखाकर शून्य शुद्धता वाला नकली सिल्ला देते और बदले में असली चांदी ले लेते. इस तरह उन्होंने Madhya Pradesh, Odisha, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में भी कई ठगी की वारदातें की हैं. Police ने बीस अप्रैल दो हजार छब्बीस को हृदेश कुमार को आगरा से गिरफ्तार किया. एक दिन बाद सुशील कुमार वर्मा, प्रिंस उर्फ लड्डू सोनी और राजीव जैन को भी आगरा और इटावा से पकड़ा गया. सोनू कुशवाहा को Madhya Pradesh से गिरफ्तार किया गया. सभी के खिलाफ ट्रांजिट वारंट लिया गया. गिरफ्तारी के दौरान हृदेश कुमार के पास से आठ किलो चार सौ ग्राम चांदी, डेढ़ लाख रुपए नकद और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ. बाकी आरोपियों से भी मोबाइल फोन जब्त किए गए. हृदेश कुमार का पहले भी धोखाधड़ी का आपराधिक रिकॉर्ड है. वर्ष दो हजार इक्कीस में Madhya Pradesh के अशोक नगर Police स्टेशन में उसके खिलाफ मामला दर्ज था. यह सफल कार्रवाई महाकाली Police की टीम ने अतिरिक्त उपायुक्त जे नरसैया, सहायक आयुक्त सीएच श्रीधर और एस रवि कुमार के मार्गदर्शन में की. Police का कहना है कि इस गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश जारी है और अन्य राज्यों में भी छापेमारी की जा रही है.

# धूमधाम से शादी, फिर विदाई; रास्ते में आ गया दुल्हन का प्रेमी, जानिए फिर क्या हुआ

( यंग भारत न्यूज )

**अंबेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर से शादी के बाद प्रेमी के हंगामे का मामला सामने आया है। लड़के और लड़की की धूमधाम से शादी हुई। इसके बाद दुल्हन की विदाई भी हो गई, लेकिन ससुराल पहुंचने से पहले ही कहानी में एक अलग ही ट्विस्ट आ गया।

रास्ते में एक लड़के ने दुल्हन को ले जाती कार देखी। उसने कार रुकवाया। युवक ने कार के भीतर से दूल्हन को खींचना शुरू कर दिया। वह उसे अपनी प्रेमिका बता रहा था। हंगामा बढ़ गया। दूल्हे ने युवक को जब रोकने की कोशिश की तो उसने साफ कह दिया कि यह मेरी प्रेमिका है। अब यह मेरी दूल्हन बनेगी। मामला पुलिस तक पहुंच गया।



## बीच रास्ते में हुई प्रेमी की एंट्री

मामला अंबेडकरनगर जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र से सामने आया है। दरअसल, गोसाईगंज थाना क्षेत्र से दूल्हे दिनेश कुमार की बारात पूरे रीति-रिवाज के साथ दूल्हन को विदा कराकर लौट रही थी। दूल्हा अपनी नई नवेली दुल्हन को लेकर अपने घर जा रहा था। इससे पहले धूमधाम से शादी हुई। बारातियों ने भी जमकर शादी का आनंद लिया। मामले में मोड़ दूल्हे के दुल्हन को अपने घर ले जाने के रास्ते में आया। एक युवक अपने साथियों के साथ रास्ते में दूल्हे की कार को घेर लिया। उसने दुल्हन की तरफ इशारा करते हुए कहा कि यह मेरी गर्लफ्रेंड है। इसे नीचे उतार दो। तुमलोग वापस जाओ। अब इससे मेरी शादी होगी। दूल्हे ने जब विरोध किया तो उसने साफ कहा कि हमदोनों पहले से लवर हैं।

## समझाने पर भी नहीं बनी बात

दूल्हा-दुहन की गाड़ी को इस प्रकार अचानक रोके जाने से बाराती भी हैरान रह गए। उन्होंने युवक को काफी समझाया। लेकिन, वह मानने को राजी ही नहीं हुआ। इसके बाद लड़की के परिजनों को फोन करके मौके पर बुलाया गया। मामले की जानकारी पुलिस को भी दी गई। हंगामा देखकर वहां बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही अलीगंज पुलिस मौके पर पहुंची। अलीगंज पुलिस दोनों पक्षों को लेकर थाने पहुंची। वहां दोनों पक्षों के बीच लंबी पंचायत चली। युवक लगातार दुल्हन को अपनी प्रेमिका बताता रहा। वहीं, दुल्हन पक्ष ने शादी की रस्में पूरी होने की बात कही। लड़की की मां ने कहा कि हमलोगों ने तो सभी रश्म पूरी कर दुल्हन विदा कर दी। वहीं थाने में समझौते के बाद दुल्हन वापस मायके चली गई। वहीं, वर पक्ष बिना दुल्हन के ही वापस लौट गया।

## पुलिस ने क्या कहा?

अलीगंज पुलिस के अधिकारी ने इस मामले में कहा कि मामला सामने आने के बाद पंचायत हुई। इसमें दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाह को तोड़ने का निर्णय लिया। दोनों पक्षों ने थाने में लिखित तहरीर दी है कि दोनों पक्षों को अब आपस में कोई संबंध नहीं रखना है। इसके बाद दुल्हन अपने परिवार के साथ वापस चली गई। दूल्हा पक्ष भी घर चला गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई न करने की बात कही है। दूल्हा और दूल्हन अब दूसरी जगह शादी करेंगे।

# प्राइवेट पार्ट की फोटो भेज हिंदू लड़की से बोला अशरफ सिद्दीकी, जिहादी का सपा कनेक्शन आया सामने

( यंग भारत न्यूज )

**मुम्बई।** अशरफ सिद्दीकी ने हिंदू युवती को अपने प्राइवेट पार्ट की तस्वीरें भेजकर गंदी माँग की और प्रताड़ित किया। आरोपित का कनेक्शन स्क्र से निकला। मुंबई के एग्रीपाड़ा इलाके में एक 19 साल की हिंदू लड़की को उसके पूर्व मुस्लिम सहकर्मी ने अश्लील मैसेज, वीडियो और गंदी बातों से मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने इस मामले में आरोपित अशरफ सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपित समाजवादी पार्टी की पार्षद इरम सिद्दीकी का भतीजा है।

**व्हाट्सएप ग्रुप से नंबर चोरी कर शुरू की गंदी बातें**

बता दें कि पीड़िता महालक्ष्मी स्थित पिरामल कंस्ट्रक्शन में टेलीकॉलर का काम करती थी। नौकरी छोड़ने के बाद, आरोपित अशरफ सिद्दीकी ने कंपनी के



व्हाट्सएप ग्रुप से उसका नंबर निकाल लिया। 21 अप्रैल 2026 को उसने मैसेज कर अपनी पहचान 'अशरफ पिरामल वाला' के तौर पर दी। शुरुआत में उसने लड़की को 'क्यूट' बताया, लेकिन जल्द ही वह अपनी औकात पर आ गया। उसने करीब एक घंटे तक लड़की से व्हाट्सएप कॉल पर बात की और बेहद गंदी माँगें रखीं। पीड़िता ने पड़ोसी के फोन से कॉल रिकॉर्ड कर ली, जिसमें अशरफ उसे 'लव फ्रेंडशिप' करने, लॉज चलने और शारीरिक संबंध (Sex) बनाने के लिए मजबूर कर रहा था। उसने फोन पर ओरल सेक्स जैसी घिनौनी बातें भी कीं।

**प्राइवेट पार्ट की फोटो भेजी और कहा- 'See my banana'**

अगले दिन यानी 22 अप्रैल को अशरफ की बदतमीजी और बढ़ गई। उसने पीड़िता को अन्य लड़कियों की तस्वीरें भेजीं और दावा किया कि उसने उन सबके साथ संबंध बनाए हैं। हद तो तब हो गई जब उसने अपने प्राइवेट पार्ट की फोटो लड़की को भेजी और मैसेज में लिखा, 'See my banana'।

इसके बाद उसने पीड़िता को कई अश्लील वीडियो भेजे और बेहद भद्दे मैसेज किए जैसे, 'स्द्धश्2 me your ass'। इन हरकतों से पीड़िता बुरी तरह डर गई और उसने अपने पिता को सब बताया।

**'हिंदू लड़कियों को मुस्लिम लड़के पसंद हैं'**

FIR में यह भी दर्ज है कि जब पीड़िता ने अपने धर्म का हवाला दिया, तो अशरफ ने विवादित टिप्पणी करते हुए कहा, 'आजकल हिंदू लड़कियों को मुस्लिम लड़के पसंद आते हैं।' उसने लड़की को फँसाने के लिए यह भी कहा कि अगर वे शादी करते हैं, तो वह उसे धर्म बदलने के लिए मजबूर नहीं करेगा। पीड़िता के पिता का आरोप है कि आरोपित ने कंपनी के डेटा का गलत इस्तेमाल कर कई हिंदू लड़कियों के नंबर निकाले थे। जब पीड़िता ने अपनी अन्य सहेलियों से बात की, तो पता चला कि अशरफ उन्हें भी ऐसे ही अश्लील मैसेज भेज चुका था, जिसके बाद उन्होंने उसे ब्लॉक कर दिया था।

# अपने भतीजे से प्रेम कर बैठी अंशु यादव एक दिन गायब हो गई फिर' रिश्तों को कलंकित करने वाली कहानी पता चल'!.

( यंग भारत न्यूज )

इस साल के अक्टूबर से ही 65 साल के रिटायर्ड दारोगा रणवीर सिंह यादव की बेटी अंशु यादव लापता चल रही थी. पुलिस को अंशु के गायब होने की जानकारी नवंबर के महीने में मिली थी, जिसके बाद पुलिस भी उसे खोज रही थी.जब पुलिस ने पिता रणवीर सिंह यादव से पूछा तो पिता ने कहा कि बेटी घर से चली गई है. मगर आगरा पुलिस मामले की जांच में जुटी रही.



इसी बीच पुलिस को पता चला कि एक युवक ने हाईकोर्ट में अंशु के लापता होने की याचिका दाखिल की है. इसमें हाईकोर्ट से अपील की गई थी कि वह अंशु यादव का पता लगाने का आदेश पुलिस को दे. पुलिस ने जब याचिका लगाने वाले युवक की जांच की तो सामने आया कि वह उसके रिश्ते का भतीजा है और उसके साथ अंशु का प्रेम संबंध भी चल रहा था. इसके बाद पुलिस ने सनसनीखेज कांड का खुलासा किया और पता चला कि जिस अंशु यादव को पुलिस लगातार खोज रही थी, उसका तो अक्टूबर में ही कत्ल कर दिया गया था. दरअसल अंशु यादव का कत्ल किसी और ने नहीं बल्कि उसके पिता रिटायर्ड दारोगा रणवीर सिंह यादव ने ही किया था. इस कत्ल में अंशु की मां, भाई समेत रिश्तेदार भी शामिल थे.

## अंशु को क्यों मारा गया?

रणबीर सिंह ने अपनी बेटी की हत्या अक्टूबर महीने में ही कर दी थी. बेटी की हत्या के बाद उसकी लाश को भी इटावा ले जाकर ठिकाने लगा दिया था. दरअसल पुलिस जांच के दौरान शक अंशु के पिता पर ही गया. दूसरी तरफ युवती का भी कुछ पता नहीं चल रहा था. ऐसे में पुलिस ने पिता से ही सख्त पूछताछ की, जिसके बाद वह टूट गया. इसी बीच पुलिस के हाथ अंशु का एक वीडियो भी लगा, जिसमें उसने अपने माता-पिता-परिवार से जान को खतरा बताया था.

पूछताछ में पिता ने बताया कि बेटी अंशु का अपने ही रिश्ते में लगने वाले भतीजे के साथ प्रेम संबंध चल रहा था. पूरा परिवार इसके खिलाफ था. वो उसके साथ शादी करना चाहती थी और रिश्ता खत्म करने के लिए तैयार नहीं थी.

## गला दबा कर मार डाला

आरोप है कि इसी दौरान पिता ने बेटी का गला दबा दिया और उसे तड़पा-तड़पा कर मार डाला. फिर पत्नी और बेटे को लिया और गाड़ी में शव डालकर इटावा की तरफ सभी चल दिए. वहां अंशु के मामा का घर था. वहां अंशु के मामा और ममेरे भाई ने इनका साथ दिया और शव को यमुना नदी में फेंक दिया. मगर शव थोड़ी दूर जाकर झाड़ियों में फंस गया. बता दें कि पुलिस ने आरोपी पिता की निशानदेही पर शव भी बरामद कर लिया है. उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है.

## पुलिस ने ये बताया

इस पूरे मामले को लेकर (डीसीपी आगरा वेस्ट) अतुल शर्मा ने बताया, इस मामले में मुख्य आरोपी पिता, मृतका की मां और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी के साले और साले के लकड़े की तलाश जारी है. मामले की जांच की जा रही है.

# रोमांस से बिगड़ा बेलैंस, तीसरे माले से गिरे युवक-युवती


( यंग भारत न्यूज )



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में देर रात छत से गिरने की दर्दनाक घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी गर्लफ्रेंड गंभीर रूप से घायल हो गई। शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा था, लेकिन युवती के बयान के बाद इसे हादसा माना जा रहा है। घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के अभिलाषा परिसर की है। जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल की रात चिरंजीव पांडे (23) और गरिमा सिंह (23) तीन मंजिला इमारत के ब्लॉक नंबर 34 की छत पर मौजूद थे। दोनों के बीच पिछले लगभग 3 वर्षों से प्रेम संबंध था। उस रात दोनों ने शराब पी थी और छत की रेलिंग के पास बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान अचानक चिरंजीव का संतुलन बिगड़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों रात करीब 3 बजे नीचे गिर गए। गिरने के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े रहे। चिरंजीव दर्द से कराहते हुए कुछ देर तक आवाज लगाता रहा, लेकिन देर रात होने के कारण किसी को घटना की जानकारी नहीं मिली। सुबह करीब 6 बजे स्थानीय लोगों ने उन्हें देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने चिरंजीव पांडे को मृत घोषित कर दिया। उसके सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गरिमा सिंह की कमर और रीढ़ की हड्डी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके कारण उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। चिरंजीव चोला मंडलम फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था और जोमैटो में डिलीवरी बॉय का काम भी करता था। वहीं गरिमा शादी डॉट कॉम में कार्यरत थी। दोनों एक-दूसरे के करीबी थे और अक्सर मिलते थे। पहले पुलिस इस मामले को आत्महत्या मान रही थी, लेकिन अस्पताल में होश आने के बाद गरिमा ने बयान दिया कि चिरंजीव शराब के नशे में रेलिंग पर बैठा था और अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। उसे बचाने की कोशिश में दोनों नीचे गिर गए। स्स्क्रजनेश सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हादसा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है ताकि पूरी सच्चाई सामने आ सके।

# काकू, मैं आपकी बेटी जैसी हूं, शांति निकेतन में गिड़गिड़ाती रही नाबालिग, सामूहिक दुष्कर्म से दहली गुरुदेव की भूमि

( यंग भारत न्यूज )




**बोलपुर/बीरभूम, मुकेश तिवारी :** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में पहले चरण का मतदान संपन्न होते ही मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आयी है. शांति निकेतन थाना क्षेत्र के महिदापुर इलाके के एक होम में रहने वाली नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने में आया है.

**बलात्कारियों को फांसी की सजा देने की मांग**

सबसे दुखद पहलू यह है कि दरिंदगी करने वाले वही लोग हैं, जिन्हें पीड़िता अपने पिता समान काकू (चाचा) कहकर पुकारती थी. इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव है. आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की है.

**मिन्नतें करती रही बच्ची- काकू, मैं आपकी बेटी जैसी हूं...**

अस्पताल में भर्ती पीड़िता ने जो आपबीती सुनायी, उसे सुनकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जायें. नाबालिग ने बताया कि उसने आरोपियों के पैर पकड़ लिये थे. वह बार-बार कह रही थी- काकू, मैं आपकी बेटी की तरह हूं. मुझसे ऐसा मत करिये. मैं आपका पैर पकड़ती हूं.

**हैवानियत पर ठिठोली करते रहे दरिंदे**

पीड़िता के अनुसार, बलात्कारियों पर मासूम की मिन्नतों का कोई असर नहीं हुआ. वे ठिठोली मारते रहे और एक के बाद एक दरिंदे उससे कुकर्म करते रहे. पीड़िता ने बिलखते हुए कहा कि वह जिंदा रहेगी या मर जायेगी, उसे नहीं पता, लेकिन वह चाहती है कि उसके साथ हैवानियत करने वालों को मौत से कम सजा न मिले. पीड़िता की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बोलपुर महकमा अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

**शांति निकेतन थाने का घेराव, ग्रामीणों का अल्टीमेटम**

घटना की खबर फैलते ही महिदापुर के ग्रामीण सड़कों पर उतर आये. उत्तेजित ग्रामीणों ने शांति निकेतन थाने को चारों तरफ से घेर लिया. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि विश्व भारती जैसी पवित्र भूमि पर ऐसी घटना ने जिले को कलंकित कर दिया है. ग्रामीणों ने पुलिस को चेतावनी दी है कि 48 घंटे के भीतर सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए, तो उग्र आंदोलन शुरू हो जायेगा.

**पुलिस की कार्रवाई और जांच**

शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है. वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी गयी है. आरोपियों की पहचान हो गयी है, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है.

# छांगुर बाबा का '100 करोड़ी' राज फाश! खाड़ी देशों के पैसे से खरीदी जा रही थी जमीन, क्या सीरिया तक फैले हैं इस धर्मांतरण गैंग के तार?

( यंग भारत न्यूज )

उत्तर प्रदेश की स्पेशल एटीएस कोर्ट ने मुख्य आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की डिस्चार्ज अर्जी (मुकदमे से मुक्त होने की प्रार्थना) को 19 अप्रैल को सिरे से खारिज कर दिया है.

इस फैसले के बाद अब छांगुर और उसके पूरे गिरोह के खिलाफ ट्रायल (Changur Baba Case) चलने का रास्ता साफ हो गया है. बता दें कि ईडी (ED) और एटीएस (ATS) ने कोर्ट में जो 1400 पन्नों की विस्तृत चार्जशीट दाखिल की है, उसने इस पूरे नेटवर्क के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन और मनी ट्रेल को बेनकाब कर दिया है. जांच एजेंसियों के अनुसार, इस पूरे धर्मांतरण खेल की रीढ़ 'विदेशी फंडिंग' थी. ईडी की जांच में सामने आया है कि साल 2015 से 2024 के बीच सऊदी अरब, दुबई और अन्य खाड़ी देशों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की रकम भारत लाई गई. यह भी बताते चलें कि मनी ट्रेल को इतनी चतुराई से डिजाइन किया गया था कि यह पैसा अलग-अलग फर्जी खातों और माध्यमों से ट्रांसफर किया गया ताकि सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचा जा सके.



अधिकारियों का दावा है कि इस भारी-भरकम रकम का एकमात्र उद्देश्य भारत में संगठित तरीके से धर्मांतरण गतिविधियों को बढ़ावा देना और नेटवर्क को मजबूत करना था. चार्जशीट में खुलासा हुआ है कि धर्मांतरण के इस काले धंधे को 'रियल एस्टेट' के जरिए सफेद किया जा रहा था. सह-आरोपी नवीन और उसकी पत्नी नीतू ने विदेशी फंड का इस्तेमाल कर बलरामपुर के तरबगंज समेत कई जिलों में बेशकीमती जमीनें खरीदीं. जांच के मुताबिक, इन संपत्तियों का उपयोग गुप्त रूप से धर्मांतरण केंद्रों के रूप में किया जाता था. दिलचस्प बात यह है कि इस पूरी प्रक्रिया में छांगुर बाबा खुद को पर्दे के पीछे रखकर एक 'गवाह' और 'कथित संरक्षक' की भूमिका निभा रहा था, जबकि संपत्तियां गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम पर थीं. अभियोजन पक्ष का आरोप है कि यह गिरोह आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सामाजिक और वित्तीय प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करता था. चार्जशीट के अनुसार, यह सिर्फ धार्मिक मामला नहीं बल्कि देश की जनसांख्यिकी (Demography) को बदलने और सरकार के खिलाफ साजिश रचने का संगठित प्रयास है. मुख्य आरोपी छांगुर और उसके साथियों पर आईपीसी की धारा 121 (राष्ट्र के विरुद्ध साजिश), 153 (धार्मिक वैमनस्य फैलाना) और 420 (धोखाधड़ी) जैसी बेहद गंभीर धाराएं लगाई गई हैं. 1400 पन्नों की इस चार्जशीट ने बैंक ट्रांजैक्शन और आरोपियों के बीच संबंधों की गहरी परतें तो खोल दी हैं, लेकिन जांच अभी थमी नहीं है. सुरक्षा एजेंसियां अब इस सिंडिकेट के 'सीरिया लिंक' और कुछ संदिग्ध 'स्विस बैंक खातों' की जांच में जुटी हैं. इसको (Changur Baba Case) लेकर अधिकारियों को अंदेशा है कि यह नेटवर्क देश की सुरक्षा के लिए इससे भी कहीं बड़ा खतरा हो सकता है. फिलहाल, कोर्ट के कड़े रुख ने आरोपियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं और जल्द ही इस मामले में गवाहियां और सुनवाई शुरू होने वाली है.

# मुनिश्री सौम्यसागरजी महाराज का वीरभूमि में हुआ पर्दापण

## जैन श्रावक श्राविकाओं ने कानपुर चुंगी पर की भव्य आगवानी

### -श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा करके किया स्वागत

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी** । महानगर में पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागरजी महामुनिराज के शिष्य मुनिश्री सौम्य महाराज (ससंघ) का मंगल पर्दापण हुआ। जैन श्रावक श्राविकाओं ने उनकी कानपुर चुंगी पर भव्य आगवानी की। तत्पश्चात शोभायात्रा मण्डी रोड, लक्ष्मी गेट, बड़ा बाजार होकर गांधी रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मन्दिर पहुंचीं। जहां धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री सौम्यसागरजी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी में कहा कि सौभागशाली महापुण्यशाली व्यक्ति ही पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में मुख्य पात्र बन पाते हैं। जिनका कल्याण निकट भव में निश्चित है उनके ही परिणाम दान धर्म करने के होते हैं।




इस अवसर पर श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष अजित कुमार जैन, महामंत्री वरुण जैन, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, ऑडिटर राजकुमार भण्डारी,बड़ा मन्दिर मंत्री सुनील जैनको, करगुंवा मंत्री संजय सिंघई, श्री पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन प्रेस, कार्याध्यक्ष कैलाशचंद जैन वर्धमान, मुख्य सलाहकार डॉ जिनेन्द्र जैन, संरक्षक सुरेन्द्र सर्राफ, एंजि.हुकुमचंद जैन, जिनेन्द्र सर्राफ, राजेन्द्र जैन प्रेस, मुख्य कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन बक्सा, वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके, संयोजक मनोज सिंघई, प्रदीप जैन वर्धमान, अलंकार जैन, आलोक जैन विश्वपरिवार, प्रमोद जैन वैरायटी, उपाध्यक्ष अंकित सर्राफ, राजीव जैन वर्धमान, शरद जैन चाचा, ऑडिटर प्रभात जैन कुंजबिहारी, आशीष जैन माची, सचिन सर्राफ, संयोग भण्डारी, पंचायत वरिष्ठ सदस्य सुभाष जैन बिजली, विमल जैन बड़ागांव, हुकुमचंद जैन दुमदुमा, देवेन्द्र जैन मगरपुर, मनोज नायक, अनिल जैनको, अंशुल बघेरा, विजय मिट्ठया, प्रमोद जैन बब्बा, नरेश जैन नीटू, एड. पवन जैन, विकास जैन चिरगांव रविन्द्र जैन नारियल एवं महिला जैन समाज की अध्यक्षा श्रीमती सरोज जैन, कोषाध्यक्षा सुधा सर्राफ, रजनी जैनको, ममता जैन, पिंकी जैन, नेहा जैन, मनीषा सिंघई, सुलेखा नायक, मेघा जैन, प्रिया जैन, ऊषा जैन सदर, रानी जैन कटरा, सीमा नायक, वंदना चौधरी, संजना सर्राफ ने श्रीफल भेंट करके पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में सान्निध्य प्रदान करने हेतु आग्रह किया। इस अवसर पर मुनि सेवा संघ से सुनील जैन गुदरी, आशीष जैन नगरा एवं गुरु भक्त मिलन से प्रदीप जैन महरौनी, विपिन जैन ओम बिजली, मुकेश जैन होजरी, गुरु सेवा संघ से संरक्षक मनोज जैन अछरौनी, महामंत्री रवि जैन कंधारी, कुलदीप जैन, श्रमण चरण सेवक संघ से यश सिंघई, विवेक जैन भगतजी, दिव्यांश जैन,आग्रह जैन, शुभम जैन,अंकुर जैन, विनय चौधरी, डॉ अर्पित जैन, सचिन सर्राफ, सम्यक भण्डारी, राहुल जैन ने मुनिसंघ के पाद प्रक्षालन किए। शास्त्र भेंट श्रीमती शीला सिंघई, प्रियंका जैन, मेघा जैन महरौनी, सरोज जैन प्रेस, वंदना चौधरी, सीमा नायक, लक्ष्मी जैन ने किया। मंगलाचरण कु. शालू जैन ने किया। कार्यक्रम का पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ एवं आभार वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके ने व्यक्त किया।

# जानकी नवमी श्रद्धा से मनाई, जगत के कल्याण की कामना की

### = श्री राम जानकी मंदिर में जन्मोत्सव आरती हुई, भक्तों ने लगाए जयकारे

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** श्री राम जानकी मंदिर में शनिवार को दोपहर 12 बजे दुर्गा उत्सव महासमिति, सनातन एकता समिति माता जानकी का जन्मोत्सव पर्व जानकी नवमी श्रद्धा से मनाई गई। भगवान श्री राम एवं जानकी जी की पूजा एवं अभिषेक, श्रृंगार प. राहुल तिवारी (कथावाचक ,कुंडली विश्लेषक और अखंड विद्वान) ने किया। नगर विधायक पंडित रवि शर्मा ने जन्मोत्सव की आरती की गई। मंदिर को



देशी – विदेशी फूलों से आकर्षक सजाया गया। श्रद्धालुओं ने माता जानकी की भक्ति भाव में विभोर होकर मधुर भजन गाये। श्रधालुओ ने भगवान राम एवं जानकी जी के दिव्य दर्शन किए और माता जानकी की महिमा के जयकारे लगाए एवं स्तुति की। महिला श्रद्धालुओं ने मधुर भजन कीर्तन किया। समाज सेवी पीयूष रावत ने माता जानकी की महिमा का वर्णन किया और प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम स्वामी, विनोद अवस्थी ,मुकेश अग्रवाल, जयदीप खरे,गोकुल दूबे ,आर एन उपाध्यक्ष, आलोक चतुर्वेदी, पुरुकेश अमरय,राजीव तिवारी ,पवन गुप्ता, प्रभात शर्मा ,संजीव तिवारी मैथिली मुदगील ,आलोक सांडिलय, जयदीप खरे, अभिषेक साहू,अजय पुरवार, पीयूष रावत !

# समाजसेवी सतीश चौरसिया की माता जी के अस्थि कलश हरिद्वार रवाना

## अस्थि विसर्जन में उमड़ा जन सैलाव

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** नगर के प्रमुख समाज सेवी एवं गायत्री परिवार के तहसील संयोजक सतीश चौरसिया की माता जी श्रीमती सरस्वती देवी का 102 वर्ष की आयु में निधन हो गया।उनकी अस्थि कलश यात्रा विसर्जन हेतु हरिद्वार रवाना हुई।बैंड बाजों के साथ रघुपति राघव राजाराव की धुन के साथ नगरवासियों ने अस्थि कलश को विदा किया इस मौके पर चेयरमैन जयपाल सिंह चौहान, पूर्व चेयरमैन देवेश पालीवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह राजा जी चौहान,रमेश मौर्य,अखिलेश पिपरैया,डॉ रविन्द्र प्रकाश अरजरिया,प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी,राकेश खरे, चंद्रप्रकाश चौरसिया, सूरज माते, जयप्रकाश बरसै या,राम प्रकाश अरजरिया, ब्रजेन्द्र शर्मा,बशीर खान,क्रीड़ाध्यक्ष विनोद कुमार,सुधीर पाठक,सुरेन्द्र कुमार व्यास,रामकृष्ण अरजरिया, राम नारायण पस्तोर,प्रदीप कोठारी,अबधेश सिंह फौजी,आत्माराम फौजी,अशोक मिश्रा,जगराम सिंह अस्ता,संदीप कोठारी,के के तिवारी,ओ पी शर्मा,पूर्व प्रधानाचार्य पी एन दुवे,राम बाबू शर्मा,कुलदीप कोदबलकर,विनोद यादव,संतोष अग्रवाल,गज्जू महते, रविन्द्र स्वामी,दाऊ पालीवाल,रामेश्वर अग्रवाल,सुरेन्द्र कुमार मिश्रा,सुरेश खरे एडवोकेट, पवन स्वामी,जे पी चौरसिया,अखिलेश तिवारी,पुष्पेंद्र पटेल भड़ोकर,: रामभरोसे पेन्टर: ,राजकुमार पाठक, निर्भय सोनी, सत्यप्रकाश तिवारी,: संगम स्वामी,अमर सिंह,लाल जी खरे,अशोक सेन,भगवत नगरिया,रमेश सोनी,महेश पाठक,धर्मेंद्र सोनी बल्ले,दिवाकर स्वामी, राम कुमार कुशवाहा,साहब सिंह,अमित गर्ग,संजय दोन्दे रिया, प्रीतम चौरसिया, बाबा स्वामी, वीर सिंह पटेल: विष्णु चौरसिया ,पत्रकारों में राम कुमार सिंह,डॉ सुकदेव व्यास,अरुण चतुर्वेदी, अखिलेश तिवारी सुट्टा,सोम मिश्रा,संदीप श्रीवास्तव, सरजू शरण पाठक,सार्थक नायक,हरिश्चंद्र नायक,आयुष त्रिपाठी, शिशुपाल सिंह सरस ,राजेश अग्रवाल ,सत्यप्रकाश द्विवेदी ,सुनील जैन डीकू,कौशल किशोर,संजू परिहार,रामगोपाल शर्मा,आशुतोष गोस्वामी ,अंकित सेंगर सहित नगरवासी उपस्थित रहे।



# पुलिस बल के बीच मृतक सर्राफा व्यवसाई के शव का किया गया अंतिम संस्कार

( यंग भारत न्यूज )

**बबेरू /बांदा ।** बबेरू कस्बे में शुक्रवार की रात्रि करीब 8:00 बजे सर्राफा व्यवसाई तेज प्रकाश सोनी उर्फ पप्पू निवासी दूल थोक बबेरू के पड़ोसी असलम खान नाम के व्यक्ति ने गोली मारकर हत्या कर दिया था। जिसमें पुलिस के द्वारा तत्परता दिखाते हुए 3 घंटे के भीतर अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया जिसके दोनों पैर में गोली लगी थी। वहीं शनिवार को सर्राफा व्यवसाई के शव का बांदा मर्चरी हाउस में पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई गई, वहीं बबेरू कस्बे के सभी सर्राफा व्यापारी पूरी मार्केट बंद कर रखा, वही सुबह से ही घटनास्थल से लेकर मृतक के घर तक भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं जैसे ही मृतक सराफा व्यवसाई का शव घर पहुंचा, तो पूरे परिवार जनों का रो-रोकर बुरा हाल हुआ, वहीं सर्राफा व्यापारियों के नगर अध्यक्ष महेश सोनी व राष्ट्रीय व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष के के महंत ने बबेरू पुलिस क्षेत्रधिकारी कृष्णकांत त्रिपाठी की मौजूदगी में उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार को एक ज्ञापन दिया है और कहा है की निर्मम हत्या करने वाले अभियुक्त असलम खान को मृत्यु दंड की सजा दिया जाए, तथा आरोपी के संपत्ति को बुलडोजर की कार्यवाही कर जमीन डोज किया जाए, वहीं परिजनों का कमाने वाला कोई भी सदस्य नहीं है, छोटे-छोटे बच्चे हैं तो उनका भरण पोषण किया जाए तथा पीड़ित को 50 लाख रुपए का मुआवजा तथा मृतक की पत्नी को एक सरकारी नौकरी दी जाए, इस संबंध को लेकर ज्ञापन दिया है। वही कड़ी सुरक्षा के बीच मृतक के शव का परिजन व अन्य व्यापारियों ने बबेरू कस्बे के ओरन रोड स्थित मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार शांतिपूर्वक कर दिया गया। इस मौके पर सर्राफा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम सोनी सहित सैकड़ो की संख्या में कस्बे का व्यापारी जनप्रतिनिधि व भारी संख्या में पुलिस बल अंतिम संस्कार पर मौजूद रहा।





# सर्राफा व्यवसाई की गोली मारकर की गई हत्या

### -पुलिस ने अभियुक्त को मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

( यंग भारत न्यूज )

**बबेरू/बांदा।** जनपद के बबेरू कस्बे में एक सर्राफा व्यवसाय की गोली मारकर हत्या कर दिया, इस घटना को देखते हुए पूरे कस्बे में सनसनी फैल गई, वहीं पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है, जिसके दोनों पैर में गोली लगी हैं। बबेरू कस्बे के दूल थोक मौहल्ले के रहने वाले तेज प्रकाश सोनी उर्फ पप्पू पुत्र हरी प्रसाद सोनी उम्र करीब 45 वर्ष की एक असलम नाम के व्यक्ति ने आपसी कहासूनी को लेकर शुक्रवार की रात्रि करीब 8:00 बजे सीने में गोली मारकर हत्या कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोली से घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया, वहीं पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शव को सील करके प्राइवेट एंबुलेंस के माध्यम से पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस बांदा भिजवा दिया। जिससे गुस्सहाय परिजनों के द्वारा पहले सीएचसी बबेरू में सर्राफा व्यापारियों के साथ धरने पर बैठ गए, उसके बाद परिजन व व्यापारी चौराहा पर पहुंचकर जाम लगा दिया, और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया है। मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियो ने परिजनों व व्यापारियों को समझा बुझाकर 2 घंटे के बाद जाम खुलवाया, उधर पुलिस ने गोली मारने वाले अभियुक्त असलम को 3 घंटे के अंदर मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया, जिसके दोनों पैर में गोली लगी है। पुलिस के द्वारा घायल अभियुक्त को इलाज हेतु बाँदा ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया हैं।



# जनाक्रोश कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर बोला हमला

## विपक्षी दलों ने अधिनियम का विरोध कर महिलाओं के साथ किया अन्याय




### -विधेयक ही नहीं वल्कि देश की करोडो महिलाओं के अधिकारों का विरोध - प्रतिभा शुक्ला

( यंग भारत न्यूज )

**बाँदा।** लोकसभा में विपक्ष द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध के खिलाफ आयोजित किये जाने वाले जनाक्रोश कार्यक्रम के तहत भाजपा की महिलाओं द्वारा आज जनआक्रोश प्रेसवार्ता , महिला सम्मेलन व पदयात्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज्यमंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टांहार विभाग प्रतिभा शुक्ला ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला । उन्होंने कहा कि संसद में महत्वपूर्ण विधेयक को कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के ऐतिहासिक अवसर का विरोध कर देश की आधी आबादी के साथ अन्याय किया है ।विपक्ष द्वारा इस मुद्दे को टालना उनकी राजनीतिक स्वार्थपूर्ण सोच है और महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है ।उन्होंने कहा कि परिसीमान एक संवैधानिक प्रक्रिया है लेकिन विपक्ष द्वारा इस विषय पर भ्रम फैलाकर महिलाओं के अधिकारों में बाधायें डाल रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधेयक ही नहीं वल्कि देश की करोडो माताओं, बहनों और बेटियों के अधिकारों का विरोध है द्य लेकिन भाजपा महिलाओं के सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है और कार्य कर रही है ।अंत में मुख्य अतिथि की अगुवाई में महिलाओं ने जनाक्रोश यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया ।कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा ने किया । इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मालती बासू, जिला उपाध्यक्ष वंदना गुप्ता, विनोद जैन, जाग्रति वर्मा, अर्चना शुक्ला, मुन्नी गुप्ता, मंजू देवी, रूपा चौहान, रीता गुप्ता, अनीता शुक्ला, रंजना श्रीवास्तव, रूपा सिंह चौहान, आनंदी साहू, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चौरसिया, अमित सेठ भोलू, संतोष राजपूत, लखन कुशवाहा, दिलीप तिवारी, मोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे ।

## तीन साल के मासूम का गला रेतने के बाद खुद भी फांसी पर झूला

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** रक्सा क्षेत्र में कलेजा कंपाने वाला मामला सामने आया है। गांव ढीमरपुरा में मां के साथ सो रहे तीन साल के मासूम को उठाकर पिता ने चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी है और खुद फांसी के फंदे पर झूल गया। शनिवार सुबह महिला ने पति व बेटे के शव बंद कमरे में देखे तो चीख पड़ी। वहीं पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।गांव ढीमरपुरा निवासी प्रेम सिंह पत्नी, बच्चों के साथ रहता था। शुक्रवार देर रात पत्नी परिवार के अन्य लोगों के साथ आंगन में बिछौना बिछाकर सो गई। जबकि प्रेम सिंह किसी शादी समारोह में गया था।आधी रात के बाद वह घर लौटा। उसने चुपके से मां के बगल में सो रहे तीन साल के मासूम बेटे भरत को गोद में उठाकर कमरे में ले गया। वहां चाकूओं से गोदकर उसे मौत के घाट उतार दिया। फिर स्वयं रस्सी से फांसी का फंदा बनाया और झूल गया। शनिवार करीब साढ़े तीन बजे पत्नी को आहट हुई। उसने खिड़की से झांककर देखा तो चीख पड़ी। प्रेम सिंह का शव फंदे पर झूल रहा था। जबकि बेटे भरत का शव खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। वहीं शोर सुनकर आसपास हड़कप मच गया। सूचना पर सीओ सदर रामवीर सिंह, डायल-112, थाना प्रभारी रक्सा उदय प्रताप सिंह, फॉरेंसिक टीम पहुंची। आनन-फानन में दरवाजा तोड़ा कर देखा तो पुलिस के भी पैरों तले जमीन सरक गई। इसके बाद मां बेहोश हो गई। मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। जो काफी देर तक सुबूत एकत्र करने में जुटी रही। पुलिस ने शवों शवों को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या बाद आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। मामले में सीओ सदर रामवीर सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक ने फांसी लगा ली है। जंगले से झांककर देखा तो प्रेम सिंह का शव फंदे पर लटका था। जबकि उसका बच्चा जमीन पर मृत पड़ा था। दोनों शवों को कब्जे में ले लिया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# पुलिसवालों ने थार से रिटायर्ड रजिस्ट्रार को रौंदा

## 20 मीटर तक स्कूटी घिसटी; बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी कैंपस में दौड़ा रहे थे

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जनपद की बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में 4 पुलिसवालों ने थार गाड़ी से रिटायर्ड असिस्टेंट रजिस्ट्रार मनीराम वर्मा (70) को कुचल दिया। इसके बाद वह थार के अगले पहिए के नीचे दब गए। 20 मीटर घिसटने के बाद उनकी स्कूटी भी थार के नीचे फंस गई। हादसे के बाद पुलिसवालों ने थार रोकी और गाड़ी छोड़कर भाग गए। सिक्योरिटी गार्डों ने अन्य लोगों की मदद से थार को हटाया। मनीराम वर्मा को मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस थार कब्जे में लेकर जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यूनिवर्सिटी के परीक्षा भवन में होमगार्ड का पेपर चल रहा था। वहीं से पुलिसवाले थार लेकर निकले थे। वो कैंपस के अंदर थार को तेज स्पीड में दौड़ा रहे थे।

मनीराम वर्मा एरच थाना क्षेत्र के भदरवारा गांव के रहने वाले थे। वह बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में असिस्टेंड रजिस्टार के पद से रिटायर हुए थे। परिवार के साथ यूनिवर्सिटी कैंपस में ही रहते थे। मनीराम के बेटे गिरीश कुमार ने बताया- शनिवार दोपहर करीब 12 बजे पिता घर से स्कूटी लेकर निकले थे। वो कैंपस के बाहर दुकान से सामान लेने जा रहे थे। तभी कैंपस के अंदर परीक्षा भवन की तरफ से तेज गति में आ रही काले रंग की थार गाड़ी ने पापा की स्कूटी को टक्कर मार दी। गाड़ी में 4 पुलिसकर्मी खाकी वर्दी पहनकर बैठे थे। वो सभी हादसे के बाद गाड़ी छोड़कर भाग गए। सूचना मिलने पर हम लोग मौके पर पहुंचे। तब तक स्टाफ के लोग पिता को अस्पताल ले जा चुके थे। हम लोग वहां पहुंचे तो पता चला कि पापा की मौत हो गई है। गिरीश कुमार ने बताया- घटनास्थल से करीब 100 मीटर की दूरी पर परीक्षा भवन में होमगार्ड का पेपर चल रहा था। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- थार इसी तरफ से आ रही थी। तेज धमाके की आवाज सुनकर हम लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन, तब तक वर्दी पहने 4 पुलिसकर्मी गाड़ी के अंदर से बैग उठाकर भाग गए। स्कूटी थार के नीचे फंसी थी। थार का अगला पहिया मनीराम वर्मा के ऊपर चढ़ा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद थार को हटाया। मनीराम वर्मा के एक रिश्तेदार आशीष ने बताया- आज मेरा ललितपुर में होमगार्ड का पेपर था। मैं बाइक से पेपर देने जा रहा था। जब परीक्षा भवन के गेट के पास से निकला, तो मैंने थार के नीचे स्कूटी और एक व्यक्ति को दबा देखा।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718